CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31° C
न्यूनतम: 19° C

लखनऊ, रविवार 3 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 176 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 15 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्रः जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा पेज 2



पहली टी-20 मुंबई महिला लीग: युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं खेल टाइम्स



ईरान और अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध पेज 11



पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम विधानसभा के कुल 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा मतदान हुआ है। साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं फालता में वोटर्स ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वोटिंग के बाद टीएमसी के लोगों ने उनके साथ मारपीट की।

### देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एक साथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया।

### नौ राज्यों में आंधी- बारिश यूपी में पेड़ गिरे

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिली। 9 राज्यों में आंधी-बारिश आई। कई जगह ओले गिरे। उप्र में दोपहर एक बजे के बाद ललितपुर और झांसी में धूलभरी आंधी चली। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। झांसी मेडिकल कॉलेज में एक बड़ा पेड़ स्कूटी और कार पर गिर गया। 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा।

# ट्रम्प ने EU की कारों-ट्रकों पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता



■ कहा: व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहे, छूट चाहिए, तो अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करनी होगी

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ (ईयू) से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा।

ट्रम्प का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया। इन फैक्ट्रियों में अमेरिकी लोगों को रोजगार मिलेगा। ट्रम्प जिस व्यापार समझौते की बात कर रहे हैं वो उनके और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के बीच पिछले साल जुलाई में हुआ था। इस समझौते को टर्नबेरी एग्रीमेंट कहा जाता है, जिसका नाम स्कॉटलैंड में ट्रम्प के गोल्फ कोर्स के नाम पर रखा गया है। इस समझौते का मकसद अमेरिका और ईयू के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव को कम करना था।

## अमेरिका की हर गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे: ईरान

■ अमेरिका किसी समझौते को नहीं मानता, उसके वादे दिखावटी होते हैं

**तेहरान।** ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

# मतगणना से पहले TMC को झटका

## मतगणना कर्मचारियों पर चुनाव आयोग के नियम रहेंगे बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इन्कार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। टीएमसी के मुताबिक, इस सर्कुलर में मतगणना प्रक्रिया में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य सरकार के कर्मचारियों की तैनाती का भी प्रावधान है। चुनाव आयोग के वकील के इस बयान के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केवल यह दोहराया कि चुनौती दिए गए सर्कुलर को लागू किया जाएगा और मामले में आगे कोई अन्य आदेश देने से मना कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मतगणना के दौरान वहां हर राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट मौजूद रहेंगे। इसलिए, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता कि पर्यवेक्षक केंद्र सरकार का नामित अधिकारी है या नहीं।

### पश्चिम बंगाल में मतगणना के लिए सुरक्षा इंतजाम और सख्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को होने वाली मतगणना में 165 अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं ताकि मतगणना केंद्रों पर कानून-व्यवस्था मजबूत रहे और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके। आयोग के अनुसार इन पर्यवेक्षकों की तैनाती का उद्देश्य मतगणना को सुरक्षित, भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना है। अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षक उन 165 विधानसभा क्षेत्रों में लगाए गए हैं, जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। पुलिस पर्यवेक्षक संबंधित मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की निगरानी आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित करेंगे।

# छत्तीसगढ़: डी-माइनिंग के दौरान ब्लास्ट, 4 जवान शहीद



■ शहीद जवानों में इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा, कांस्टेबल संजय गढ़पाल व कांस्टेबल परमानंद कोर्राम शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। कांकेर नारायणपुर सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग अभियान के दौरान हुए आईईडी विस्फोट में डीआरजी के चार जवान शहीद हो गए।

बता दें कि, छत्तीसगढ़ के कांकेर में डीमाइनिंग ऑपरेशन करते समय नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी विस्फोट में छत्तीसगढ़ पुलिस के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के चार जवान घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान सभी जवानों की मौत हो गई। एक अधिकारी के अनुसार, यह धमाका नारायणपुर जिले से लगे जंगल वाले इलाके में हुआ। वहां पुलिस टीम नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी को खोजने और निष्क्रिय करने के लिए अभियान चला रही थी। विस्फोटक डिवाइस की चपेट में आने से चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कांस्टेबल कृष्णा कोमरा और कांस्टेबल संजय गढ़पाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चौथे जवान कांस्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट करके रायपुर ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान वो भी शहीद हो गए।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Welcome to the WORLD of SRGC
SHRI RAM GROUP OF COLLEGES




Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CSE, AI & ML, Data Science, CE, ME, EE, ECE) | BArch | MCA
MBA (Agribusiness Management)
MBA (Banking & Financial Services)
MBA (Business Analytics) | MBA
DPharm | Polytechnic (CE, ME, EE)
'A' Grade by SIRF

Shri Ram Polytechnic
'A' Grade by SIRF
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI
(Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
LLB (3 Years Course)
BALLB | BComLLB
(5 Years Courses)

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc- Biotech | BSc- Microbio MSc- Biotech, | MSc-Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd | BABEd | BScBEd | BComBEd (under ITEP) Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927079966, 9927074735; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agri: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Journalism: 9927668855; Home Sc & AEDP: 8800538281

For Admission/ Registration in college, Click on below link: or Scan QR Code
https://srgcerp.in/studentapplication.aspx

# देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

## 'सुपरसोनिक ब्रह्मोस' से दोगुनी होगी रफ्तार



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा

**नई दिल्ली।** भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द 'हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल' और 'हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल' से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है। रूस के पास 'जिरकान' और 'किंजल' हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)



डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

## संक्षिप्त समाचार

### क्रूज हादसे के बाद काशी में पुलिस अलर्ट, 15 नावें सीज

**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुए क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे में काशी में भी गंगा नदी में पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार रात तक चले अभियान के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 15 नावों को सीज कर दिया गया तथा कई नाव चालकों और मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। नाव पर सवार यात्रियों को लाइफ जैकेट न देना, लाइफ जैकेट खराब होना, चलती नाव पर रील बनाना या सेल्फी लेना, ओवरलोडिग समेत कई अनियमितताएं पुलिस की टीम ने पकड़ीं। इसके बाद संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अपर पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध डा. अतुल अंजान त्रिपाठी ने जल पुलिस के साथ मिलकर नमो घाट तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान काफी समय से लगातार चलाया जा रहा है। जल पुलिस की टीम नियमित गश्त कर रही है।

### आतंकियों की मदद करने वाला गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को राजपोरा क्षेत्र में चलाए गए संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान सुरक्षाबलों ने उसके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह ऑपरेशन पुलवामा पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की 183 बटालियन ने मिलकर अंजाम दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन विशेष खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था। संयुक्त टीम ने राजपोरा के कस्बयार इलाके में सीबी नाथ रोड के आसपास तलाशी अभियान चलाया।

# सार्वजनिक जमीन पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक भूमि पर नमाज पढ़ने को लेकर कहा है कि ऐसी भूमि का उपयोग किसी एक पक्ष द्वारा धार्मिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने संभल जिले में गुन्नौर तहसील अंतर्गत इकौना निवासी असीन की याचिका खारिज कर दी है।

कोर्ट ने साफ किया कि सार्वजनिक भूमि पर सभी का समान अधिकार होता है। इसका एकतरफा उपयोग कानूनन स्वीकार्य नहीं है। जस्टिस सरल श्रीवास्तव और जस्टिस गरिमा प्रसाद की डिविजन बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने इसी निर्णय में कहा कि पूर्व में मुनाजिर खान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के मामले में हाईकोर्ट ने आदेश दिया है। कोर्ट ने निजी परिसरों के भीतर सद्भावनापूर्ण प्रार्थना की रक्षा करते हुए माना था कि व्यक्तिगत धार्मिक प्रथा में मनमाने ढंग से हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता, लेकिन इन फैसलों को यह मानकर नहीं पढ़ा जा सकता कि निजी परिसरों में संगठित या नियमित सामूहिक गतिविधि की पूरी छूट है। जहां गतिविधि उस क्षेत्र से आगे बढ़ती है और सार्वजनिक क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू करती है, वहां वैध विनियमन लागू होता है। कोर्ट ने कहा कि पूर्व निर्णय निजी परिसरों को अनियंत्रित सामूहिक स्थान में बदलने का अधिकार नहीं देता है। कोर्ट का कहना था कि धर्म का पालन करने का अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन है और इसका प्रयोग इस तरह से नहीं किया जा सकता कि यह दूसरों के इन अधिकारों में हस्तक्षेप करे। यदि भूमि को निजी मान भी लिया जाए, तो भी याचिकाकर्ता मांगी गई राहत का हकदार नहीं है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिकार्ड से पता चलता है वह किसी मौजूदा प्रथा की रक्षा नहीं कर रहा है, बल्कि गांव के भीतर और बाहर के व्यक्तियों को शामिल करते हुए नियमित सामूहिक सभाओं को शुरू करने की मांग कर रहा है।

# यूपी में चार से पांच मई तक फिर बारिश!

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहले हफ्ते से आंधी-तूफान संग बेमौसम वर्षा का अलर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले 3-4 दिनों से हुई बारिश और आंधी तूफान की वजह से अधिकतम तापमान में प्रभावी कमी दर्ज की गई, जिससे अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी से प्रदेशवासियों को राहत मिली है।

पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण प्रदेश के दोनों संभागों में अगले 2 दिनों तक मौसम ड्राई बना रहेगा, अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। वहीं 4 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में फिर से एक बार बे मौसम बारिश का सिलसिला शुरू होगा, जिससे अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। वहीं कानपुर में रात में 7 डिग्री पारा गिरा, अब 4 और 5 मई को फिर से झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में अनुमानित बारिश 0.5 मिमी के सापेक्ष 5 मिमी रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 900 प्रतिशत अधिक है। वहीं 1 मार्च से लेकर 1 मई तक अनुमानित बारिश 15.4 मिली मीटर के सापेक्ष 26.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई, जो कि सामान्य से 71 प्रतिशत अधिक है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को मुख्यत: आसमान साफ रहा, तेज धूप खिली। अधिकतम तापमान में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस वृद्धि हो सकती है। अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश का उरई सबसे अधिक गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान बिजनौर जिले में 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने से तराई में कहीं-कहीं छिटपुट बूंदा-बांदी को छोड़कर मौसम साफ और ड्राई रहा। आगामी 2 दिनों के दौरान तापमान में 4-6 की बढ़ोतरी के उपरांत आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 4 मई से प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ सम्भावित बारिश के अगले दौर के कारण इसमें पुन: 6-8 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। वहीं मई के आरम्भिक 10 दिनों के दौरान लू चलने की संभावना नहीं है। अब से ठीक 2 दिनों बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। 4 मई से धूलभरी आंधी की शुरुआत होगी और 5 मई तक अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ डा. एसएन सुनील पांडेय ने कहा कि दक्षिणी पूर्वी दिशा से हवा आने के चलते गर्म हवाएं नहीं चल पा रही हैं। एक नया विक्षोभ बन सकता है, जिसका असर शनिवार से पहाड़ों और आसपास के मैदानों में दिखाई देगा।

## जनगणना 2027: दो चरणों में होगी प्रक्रिया, जुटाया जाएगा विवरण

# उत्तर प्रदेश में 22 मई से शुरू होगी जनगणना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ घर-घर जाकर जुटाया जाएगा डेटा
■ सेल्फ एन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक शीतल वर्मा ने शनिवार को जनगणना 2027 की तैयारियों और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह देश की 8वीं जनगणना होगी, जिसकी पूरी प्रक्रिया का संदर्भ समय 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे निर्धारित किया गया है, यानी उसी समय देश की कुल जनसंख्या का आधिकारिक आंकड़ा तय माना जाएगा।

लखनऊ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शीतल वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य 2025 से ही विचाराधीन है और इसके लिए 31 दिसम्बर 2025 से 31 मार्च 2027 तक राजस्व एवं प्रशासनिक इकाइयों को 'फ्रीज' कर दिया जाएगा। इस दौरान न तो कोई नया राजस्व ग्राम बनेगा और न ही नई तहसील का गठन होगा। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग' होगा, जो उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून के बीच चलेगा। इसमें घरों, भवनों और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जुटाया जाएगा। निदेशक ने बताया कि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत गणना की जाएगी, जिसमें परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अन्य विवरण शामिल होंगे। इसी चरण में जातिगत जनगणना भी की जाएगी। इसके के लिए अलग से मानक प्रक्रिया तय की जाएगी। प्रेसवार्ता में बताया गया कि जनगणना कराने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होती है, लेकिन इसे राज्यों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। उत्तर प्रदेश में इस कार्य के लिए मंडल स्तर पर आयुक्त, जिला स्तर पर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को नोडल जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही पंचायती राज विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी अधिसूचित किया गया है। पूरे प्रदेश को गणना ब्लॉकों में बांटा गया है, जिनकी संख्या करीब 3.9 लाख है। इस कार्य में लगभग 5 लाख कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। प्रशिक्षण की प्रक्रिया 10 मई तक पूरी कर ली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर से ट्रेनर चयनित किए गए हैं और मास्टर ट्रेनर व फील्ड ट्रेनर तैयार किए गए हैं। जनगणना के दौरान प्रत्येक घर तक पहुंचकर जानकारी जुटाई जाएगी।

### एक घर की गणना में लगेंगे 10 मिनट

एक घर की गणना में औसतन 10 मिनट का समय लगेगा और प्रगणक रोजाना 5-6 घरों का सर्वे करेंगे। अधिकांश प्रगणक शिक्षक होंगे, जिन्हें इसके लिए मानदेय भी दिया जाएगा। यह कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जो ऑफलाइन भी काम करेगा और नेटवर्क मिलने पर डेटा सर्वर पर अपलोड हो जाएगा। परिवार की परिभाषा 'कॉमन किचन' के आधार पर तय होगी, यानी जो लोग एक ही रसोई से भोजन करते हैं, उन्हें एक परिवार माना जाएगा। अलग प्रवेश द्वार वाले घरों को अलग मकान के रूप में गिना जाएगा। इसके अलावा संस्थागत परिवार जैसे पुलिस मेस आदि को भी अलग श्रेणी में शामिल किया जाएगा।

# कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने पर मायावती ने जताई चिंता

लखनऊ, वार्ता



देश में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में एकमुश्त 993 रुपये की बढ़ोतरी के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने इस बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ेगा और महंगाई और बढ़ने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच कीमतों में अचानक वृद्धि की खबरें सभी मीडिया माध्यमों में प्रमुखता से सामने आई हैं, जिससे लोगों में बेचैनी बढ़ी है। उनका मानना है कि इससे रसोई गैस के साथ-साथ पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। मायावती ने इस स्थिति के कारणों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चाहे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां जिम्मेदार हों या अन्य कारण, सरकार को आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे चुनावों के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को नियंत्रित रखा गया, वैसे ही वर्तमान में भी जनहित और जनकल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76913.50 | |
| निफ्टी | 23997.55 | |
| सोना | 154800 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 240331 | प्रति किलो |

# वंदे भारत एक्सप्रेस के निर्माताओं की कतार में शामिल हुआ आरेडिका

नई दिल्ली, वार्ता

■ अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से 16-कोच वाली चेयर कार परीक्षण के लिए रवाना

उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) अपने पहले 16-कोच वाली वंदे भारत चेयर कार ट्रेन को गतिशील एवं क्षेत्रीय परीक्षण के लिए रवाना करने के साथ ही इस अत्याधुनिक ट्रेन के निर्माताओं की कतार में शनिवार को शामिल हो गया। रेलवे की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह ट्रेन अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से सुसज्जित है।

रेलवे ने कहा है कि नियमित यात्री सेवा में शामिल होने से पूर्व इस ट्रेन का कंपन परीक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से इसकी सवारी की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं गतिशील प्रदर्शन का व्यापक परीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। वंदे भारत ब्रांड की गति, दक्षता एवं यात्री सुविधा, को ध्यान में रखते हुए, आरेडिका द्वारा निर्मित इस ट्रेन में विश्वसनीयता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अनेक उन्नत इंजीनियरिंग सुधार को शामिल किया गया है। रेलवे के अनुसार यह ट्रेन उच्च स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूर्णत: सील्ड गैंगवे तथा शोर को न्यूनतम करने के लिए स्वचालित प्लग दरवाजा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इसमें स्वदेशी 'कवच' स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली (एरोसोल आधारित अग्निशमन के साथ) तथा अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है।

# सोना की कीमतों में वृद्धि चांदी की चमक फीकी

**नई दिल्ली।** ईरान संकट के चलते सोने की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पहुंच गई है। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट सोने का वायदा भाव बढ़कर 151363 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी 2,43,720 किलो से गिरकर 2,40,331 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 3,389 रुपए कम हुई। शुक्रवार तक इसकी कीमत 1,50,263 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। चूंकि शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिनों के लिए यही कीमतें प्रभावी रहेंगी। आईबीजेए के नवीनतम आंकड़ों के आधार पर अब 24, 23, 22, 18 और 14 कैरेट सोने के दाम देखे जा सकते हैं। इसके अलावा गहने खरीदने वाले लोग अपने शहर के ताजा गोल्ड ज्वेलरी रेट भी जांच सकते हैं। देश की राजधानी के सर्राफा बाजार में पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सोने की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। सोने की कीमतों में यह उछाल एक महीने के निचले स्तर से सुधार का संकेत है।

# जिंस बाजार में तेजी का रुख अनाज, तेल, चीनी सब महंगे

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को सभी सामान महंगे हो गए। चावल, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में बढ़त देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 32 रुपये बढ़कर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 27 रुपये चढ़ गई। दाल-दलहनों में भी तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 61 रुपये और मूंग दाल 60 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव 31 रुपये और मसूर दाल का 13 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 244 रुपये और वनस्पति 216 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 66 रुपये और पाम ऑयल 44 रुपये मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 42 रुपये और सरसों तेल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7661.85 रुपये, मसूर काली 8079.55 रुपये, मूंग दाल 10189.46 रुपये, उड़द दाल 10847.02 रुपये, तुअर दाल 11246.69 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.11 रुपये और चावल 3836.42 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3273.35 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4309.18 रुपये और गुड़ 5031.29 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17851.53 रुपये, मूंगफली तेल 18953.99 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.53 रुपये, सोया तेल 14981.32 रुपये, पाम ऑयल 13498.45 रुपये और वनस्पति 14958.43 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मान के मुद्दे पर स्पष्टीकरण दें केजरीवाल: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पंजाब पुलिस की ओर से छापा मारे जाने की निंदा की है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शराब के नशे में धुत होकर विधानसभा सभा में जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पर छापा मारने की कोशिश की। हम पंजाब सरकार से यह सवाल पूछना चाहते हैं कि एक ऐसा राज्य जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी इतनी लचर है कि आपकी पुलिस ड्रग वालों को पकड़ नहीं पा रही है। पवित्र हरमंदिर साहिब के गेट पर गोली चल जाती है। जहां पर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पर हमला हो जाता है, लेकिन वहां पर स्थिति पर नियंत्रण न करके पाठक के घर छापा मारा जाता है। ऐसा क्यों किया जाता है। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल केजरीवाल से है, जो खुद को इस 'नई राजनीति' का अलंबरदार बताते हैं, पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने कल ही मुख्यमंत्री भगवंत मान पर एक गंभीर आरोप लगाया था, जिसमें उन पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाया गया था। इसके बारे में भी केजरीवाल को स्पष्टीकरण देनी चाहिए। उन्होंने आप और पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय की सेहत में सुधार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मेदांता अस्पताल में हैं भर्ती, जल्द मिल सकती है छुट्टी

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है और उनको जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते राय की तबीयत शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी, जिसके कारण उन्हे मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था।

बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने गुरुवार शाम एक्स पर लिखा कि उन्हें अजय राय के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिली है और वे उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि अजय राय शुक्रवार शाम अचानक अस्वस्थ हो गए, जिसके बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। गौरतलब है कि अजय राय ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मोदी ने उन्हें डेढ़ लाख से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया था। अजय राय उत्तर प्रदेश के पांच बार विधायक रह चुके हैं और 2023 में उन्हें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### अजय राय की सेहत को लेकर राहुल गांधी ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस खबर से वह चिंतित हैं और राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। गांधी ने उम्मीद जताई कि राय जल्द स्वस्थ होकर पूरी ऊर्जा के साथ जन सेवा में सक्रिय होंगे। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार शरीर में सोडियम की कमी के चलते श्री राय की तबीयत लखनऊ में शुक्रवार शाम बिगड़ गई थी जिसके कारण उन्हे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। बताया जा रहा है कि लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद वे अपने आवास लौटे थे, जहां उन्हें चक्कर आ गया और वे बेहोश हो गए। रक्तचाप से जुड़ी शिकायत के बाद उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# कांग्रेस सांसद तिवारी ने मान पर लगे आरोपों पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर लग रहे आरोपों को लेकर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैसे महत्वपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री पर बार-बार नशे से जुड़े गंभीर आरोप लगना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

प्रमोद तिवारी ने हाल ही में सामने आए आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि यह दावा किया जा रहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान विधानसभा में नशे की हालत में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने पूर्व में विदेश यात्रा के दौरान विमान से उतारे जाने की कथित घटना और संसद के समय उठे सवालों का हवाला देते हुए कहा कि इन घटनाओं ने जनमानस में संदेह और असहजता पैदा की है तथा मुख्यमंत्री पद की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। हालांकि तिवारी ने यह भी कहा कि इन आरोपों की सच्चाई स्पष्ट होना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे इन सभी मुद्दों पर खुलकर स्पष्टीकरण दें। उनका कहना है कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होती है, खासकर जब बात किसी राज्य के सर्वोच्च पद की हो। गौरतलब है कि शिरोमणि अकाली दल ने मुख्यमंत्री श्री मान पर विधानसभा में शराब पीकर आने का गंभीर आरोप लगाया और उनका डोप टेस्ट कराए जाने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### बसंत कालीन गन्ना बुआई के लिए दिया प्रशिक्षण

**गोंडा।** गन्ना आयुक्त द्वारा जारी गन्ना सर्वेक्षण नीति के अंतर्गत शरद कालीन,द्वितीय पेड़ी एवं बसंत कालीन बुआई को लेकर गन्ना सर्वेक्षण हेतु कार्मिकों को मैजापुर चीनी मिल के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।यह प्रशिक्षण ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,सचिव एवं डीजीएम केन मैजापुर चीनी मिल पी.के प्रभात की मौजूद रहें। प्रशिक्षण दौरान चीनी मिल के 56 कर्मचारी,गन्ना विकास परिषद मैजापुर,कर्नलगंज,गोण्डा से समस्त सर्वेक्षण कर्मी शामिल हुए।प्रशिक्षण दौरान सर्वेक्षण से संबंधित कर्मियों की शंकाओं का समाधान बताया गया,1 मई से 2. 26 से सर्वेक्षण कार्य शुरू किया जाएगा।जिसकी सूचना गन्ना किसानों को व्हाट्सएप या मैसेज के माध्यम से दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** तेज़ रफ़्तार आ रहें डंफर की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए जिला भेजा।जगदीशपुर थाना अंतर्गत मंगौली हाइवे के निकट घटना उस समय घटी जब पंकज उपाध्याय उम्र लगभग 3. वर्ष गिरजा मोड़ पोस्ट रैचा थाना बल्दीराय जिला सुल्तानपुर निवासी बाइक द्वारा कही जा रहें थे जिन्हें तेज रफ्तार आ रहे डंफर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक क्षतिग्रस्त होकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि डंफर को कब्जे लेकर फरार चालक की तलाश जारी है।

### अनियंत्रित कंटेनर ने खड़ी पिकअप में मारी टक्कर,पलटा

**बाजार शुकुल,अमेठी।** रानीगंज से बाजार शुकुल जाने वाले मार्ग पर शनिवार दोपहर एक अनियंत्रित कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नही हुआ सभी बाल बाल बच गए। बाजार शुकुल थानाक्षेत्र के पूरे रग्घू शुक्ल गांव के पास शनिवार की दोपहर रानीगंज की ओर से आ रहा कंटेनर संख्या एच आर 55 ए ई 8937 अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़ी पिकअप यूपी 36 9624 में पीछे से टक्कर मार दी और कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। बताया जा रहा है कि कंटेनर चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था।

# एसआरएन अस्पताल से फरार हत्यारोपी समेत दो सिपाहियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल से हत्यारोपी के फरार होने के मामले में शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी बाबूलाल वर्मा और लापरवाही बरतने पर प्रतापगढ़ पुलिस के दो सिपाहियों विनय कुमार और शिवाजी पर एफआईआर दर्ज की है। दोनों सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने निलंबित कर दिया है। जेल अधीक्षक रिषभ द्विवेदी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर हत्या के आरोपी बाबूलाल वर्मा को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया था। महेशगंज थाने के कांस्टेबल विनय कुमार और रानीगंज थाने के हेड कांस्टेबल शिवाजी की डड्रटी बंदी बाबूलाल वर्मा की अभिरक्षा में लगाई गई थी।गौरतलब है कि 3. अप्रैल की रात बंदी के एसआरएन अस्पताल से फरार होने की जानकारी मिली। इस मामले को लेकर करायी गई जांच में दोनों सिपाहियों की लाप. रवाही सामने आई है। कोतवाली थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ला ने बताया जेल अधीक्षक की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है।

# स्नातक वोटरों को सपा से जोड़ें कार्यकर्ता: जयसिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग पर मासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने की। बैठक का संच. ालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने उपस्थित सभी नेताओं एवं पदा. धिकारियों से कहा कि सभी लोग दिनांक 1. अप्रैल 2.26 को प्रका. शित मतदाता सूची का बूथ स्तर पर गहन अध्यक्ष करें और जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में छूट गये है उनका फार्म-6 भरवाकर नाम बढ़ायें। साथ ही आगामी स्नातक एम.एल.सी. चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने



■ एमएलसी चुनाव के दृष्टिगत जिलाध्यक्ष ने कहा: सभी लोग एक अप्रैल को प्रकाशित मतदाता सूची का बूथ स्तर पर गहन अध्यक्ष करें , नाम छूटे वोटरों के फार्म-6 भरवाएं

के लिए पार्टी के सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों को प्रत्येक बूथ पर ज्यादा से ज्यादा स्नातक मतदाताओं को जोड़ने के निर्देश दिये। बैठक के उपरान्त नवनियुक्त प्रदेश सचिव अशोक यादव एवं वार्ड अध्यक्षों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश सचिव चौधरी ज्ञान सिंह, अशोक यादव, राशिद अली, महताब सिंह यादव, दिनेष कुमार सिंह, वीर बहादुर सिंह, रूप नारायण यादव, त्रिवेणी प्रसाद पाल, छविलाल रावत, वसी अहमद खान, अमरपाल सिंह, वीरपाल सिंह यादव, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष टी.बी. सिंह, जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', बचान सिंह यादव, गुड्डू लोधी, वीरेन्द्र जौरिया, रितु अग्रवाल, इब्राहीम मंसूरी, रवि यादव, अशर्फीलाल धीमान, बृजकिशोर मिश्रा, रामप्रकाश यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, ब्लाळक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन और अन्य पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मछुआरों के उत्थान को पीएम गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आजादी के 67 वर्षों तक कांग्रेस और उनके सहयोगियों की सरकार रही, लेकिन उन्होंने मछुआ समाज के लिए मात्र तीन हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में 27 हजार करोड़ रुपये देकर मछुआ समाज को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया।

आज केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना योजना और मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, जब मैंने मत्स्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला तो उस विभाग में कोई योजना नहीं थी।

उक्त विचार व्यक्त करते हुए उप्र के मंत्री संजय निषाद ने आज



■ केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना योजना और मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं: संजय निषाद

बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद प्राप्त पावन धरती पर मंच पर विराजमान सभी सम्मानित अतिथिगण, जनप्रतिनिधिगण और मेरे प्रिय मछुआ समाज के भाइयों एवं बहनों को जनपद वाराणसी के कटिंग मेमोरियल ग्राउंड में हृदय से वंदन एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि पिछले एक महीने से मैं लगातार वाराणसी और आसपास के जनपदों में भ्रमण कर रहा हूं और इस दौरान मैंने आप सभी के सुख और दुख को बहुत करीब से महसूस किया है। उप्र के मंत्री संजय निषाद ने कहा कि भाइयों और बहनों, काशी में मां गंगा की धारा उल्टी बहती है किंतु हम गंगा पुत्रों को मां गंगा का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। हम निषाद समाज के लोग यहां आने वाले लोगों को तीर्थ और मोक्ष दोनों की यात्रा करवाते हैं, लेकिन आज मैं आपसे एक संकल्प लेने आया हूं। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे प्रदेश में गोरखपुर, प्रयागराज और नोएडा सहित चार स्थानों पर रैलियां प्रस्तावित की थीं, लेकिन अंत में मैंने काशी को चुना क्योंकि जीवन के अंतिम समय में हर व्यक्ति को काशी आना पड़ता है, और आज मैं पूरे प्रदेश का भ्रमण करने के बाद यहां आया हूं इन धोखेबाज पार्टियों का पिंडदान करने और निषाद होने के नाते उन्हें मोक्ष दिलाने। भाइयों और बहनों, देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन हमारी जातियों के साथ अन्याय उससे पहले ही शुरू हो गया था।

# नर्स से छेड़खानी केस में अस्पताल के निदेशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक नर्स से छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी अस्पताल के निदेशक ने अपने साथी के साथ मिलकर घिनौनी हरकत की है। सिविल लाइंस पुलिस ने अस्पताल के निदेशक डा. मनीष केसरी समेत एक अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पीड़िता पुलिस को बताया कि उसने एक अस्पताल में नर्स की नौकरी जाइन की थी। करीब पांच माह अस्पताल में कार्यरत होने के बाद नर्सिंग की परीक्षा के चलते नौकरी से इस्तीफा दे दिया। परीक्षा के बाद उन्होंने दोबारा नौकरी के लिए संपर्क किया। डा. मनीष से भी इस संबंध में बातचीत हुई, जिसके बाद उन्हें 15 मार्च से पुन: जाइन करने के लिए कहा। इसी दौरान डा. ने संपर्क के लिए मोबा. इल नंबर ले लिया। आरोप है कि 2. मार्च की रात उसे डा. मनीष ने अस्पताल गेट पर बुलाकर कार में बिठाकर सुनसान स्थान पर ले गया। कंधे पर हाथ रखकर अपनी ओर खींचा। विरोध करने पर धमकी दी। आरोप लगाया कि 26 मार्च की रात डड्रटी के दौरान उसे आपरेशन थिएटर में बुलाया, जहां पहले से मौजूद एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। मुंह में रूमाल भर कर पट्टी से मुंह और हाथ बांध दिया। अपने आप बचाने की काफी कोशिश की पर मेरे हाथ बंधे होने की वजह से कमजोर पड़ गई। दोनों नशे की हालत में थे।

# ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण सभा से चार का निष्कासन

**लखनऊ।** अध्यक्ष पंडित सर्वेश पाठक ने समस्त प्रदेश व राष्ट्र के ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण सभा के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए कहा कि संगठन से निष्कासित कुछ फर्जी पदाधिकारी में ने हापुड़ एवं बुलंदशहर कार्यकारिणी को भंग करने की बात कही है वह सभी चार महा पूर्व ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा के पदों से हटा दिए गए हैं उन्हें कोई अधिकार पूरे प्रदेश देश में किसी को हटाने का अधिकार नहीं है। समस्त प्रदेश के जिला अध्यक्ष यथावत अपना कार्य कर रहे हैं। हापुड़ बुलंदशहर बरेली शामली प्रयागराज बनारस



हाथरस, बागपत, मुजफ्फरनगर ,गौतम बुद्धनगर, गाजियाबाद अयोध्या आगरा मथुरा के अध्यक्षों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं यूजीसी के विरोध जगतगुरु शंकराचार्य जी के अपमान के समय संजय वर्मा अधिकारी की टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रकट किया है।

### इलाहाबाद संग्रहालय में ऑनलाइन टिकट सेवा शुरू

**प्रयागराज।** इलाहाबाद संग्रहालय में भ्रमण करने की इच्छा रखने वाले दर्शकों खासकर बाहर से आने वाले पर्यटकों को अब खिड़की पर लंबी कतार लगाने की जरूरत नहीं होगी। इलाहाबाद संग्रहालय में आनला. इन टिकट बुकिंग सुविधा शुरू कर दी गई है। मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि नई सुविधा के तहत अब पर्यटक अपनी सुविधानुसार किसी भी तारीख पर संग्रहालय का टिकट आनलाइन बुक कर सकते हैं। ओपन नेटवर्क डिजिटल कामर्स से जुड़ी आर्जवविट एजेंसी की ओर से एक क्यूआर कोड बनाया गया है, जो संग्रहालय की वेबसाइट व सोशल मीडिया पर उपलब्ध है।

# मस्जिदें इबादत के साथ भाईचारे का भी केंद्र बनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** राजधानी में आल इंडिया राब्ता मसाजिद बोर्ड के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मस्जिदों और समाज की भूमिका पर गंभीर चर्चा हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत कारी मोहम्मद इरशाद की तिलावत और कारी एहसान मोहसिन की नात-ए-पाक से हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता राब्ता इस्लामी मक्का मुकर्रमा के सदस्य कारी अबुल हसन आजमी ने की और संचालन मोहम्मद गुफरान कासमी ने किया।बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्ला इब्नुल कमर अल हुसैनी ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि



मस्जिदें इबादत के साथ-साथ समाज सुधार और आपसी भाईचारे का केंद्र होनी चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि मौलाना उवैस नदवी को उत्तर प्रदेश का चीफ इमाम नियुक्त किया गया है। अध्यक्षीय संबोधन में कारी अबुल हसन आजमी ने कहा कि मस्जिदों को युवाओं के चरित्र निर्माण और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए एक सक्रिय मंच के रूप में उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में दस साल से अधिक समय से सेवाएं दे रहे इमामों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रोफेसर सैयद वसीम अख्तर, डाक्टर मुश्ताक अहमद सिद्दीकी,डाक्टर अफजल हुसैन कासमी, यामीन खान द्धपूर्व मंत्रीक्ष,मौलाना सईद अतहर कासमी द्धप्रदेश अध्यक्ष, आल इंडिया राब्ता मसाजिद बोर्ड यूपीक्ष, डाक्टर तारिक सिद्दीकी और वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आमिर नकवी कार्यक्रम में मसूद जिलानी, एडवोकेट ओसामा इदरीस नदवी, एडवोकेट सैयद महताब हसन हाशमी, मौलाना अब्दुल रब आज़मी मदनी और वरिष्ठ समाजसेवी सईद हाशमी सहित विभिन्न मस्जिदों के इमाम और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय हाजियों की दुर्दशा पर भड़के अनीस मंसूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मक्का मुकर्रमा (सऊदी अरब) के अजीजिया क्षेत्र में भारतीय हज यात्रियों के साथ हो रही अमानवीय बदइंतजामी और उनके नारकीय जीवन को लेकर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने बताया कि मक्का के होटलों, विशेषकर श्आसफ अल कुरैशी होटलश में हालात इतने खराब हैं कि एक-एक कमरे में 8




से लेकर 16 हाजियों को जानवरों की तरह रखा गया है। 16 लोगों पर मात्र एक वाशरूम उपलब्ध है, जिसकी गंदगी और दूषित पानी कमरों के भीतर तक आ रहा है। लिफ्ट खराब होने और बुनियादी सफाई न होने के कारण बुजुर्ग जायरीन बेहाल हैं।

उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को लखनऊ के मौलाना अली मियां नदवी स्मारक हज हाउस से जब आज़मीने हज को श्भगवा झंडीश दिखाकर रवाना किया गया था, वह तभी समझ गए थे कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत हज कमेटी आफ इंडिया और यूपी हज कमेटी संगठित रूप से हाजियों के लिए परेशानियां पैदा करेगी।

# रामदेवी कालेज में मेधावी छात्राएं सम्मानित

**प्रयागराज।** रामदेवी बालिका इंटर कालेज,मीरापुर, प्रयागराज के विद्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 9. व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री महेश जी कपूर ने की,जबकि संचालन प्रधानाचार्या डा. सोनी



यादव द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।इस अवसर पर अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में अध्यक्ष श्री महेश जी कपूर ने कहा कि बेटियों की यह सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है,बल्कि विद्यालय की शिक्षिकाओं के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का भी प्रतीक है। ऐसे परिणाम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बनते हैं। विद्यालय की शिक्षिकाएं,श्रीमती अंजू पुरवार, रेखा श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह ,कनाज फातिमा, मीनाक्षी प्रजा. पति, कविता, ज्योति श्रीवास्तव , सबीहा खुर्शीद, सीता,आरुषि चोपड़ा,रणजीत कौर,आयुषी यादव,रितु कपूर, कनीजा फातिमा आदि अध्यापिकाएं छात्राएं एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# यात्री अब कुलियों की कर सकेंगे ऑनलाइन बुकिंग

**प्रयागराज।** रेलवे स्टेशनों पर अब आपको कुली के लिए इधर-उधर भटकने या उनके साथ रेट को लेकर मोलभाव करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

उत्तर मध्य रेलवे का प्रयागराज मंडल देश में पहली बार कुलियों की आनलाइन बुकिंग की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इस पहल से यात्रियों को ओवर चार्जिंग की समस्या से भी निजात मिल जाएगी।नई व्यवस्था के लागू होने के बाद यात्री रेलवे के अधिकृत एप या वेबसाइट के माध्यम से अपनी ट्रेन के आगमन या प्रस्थान के समय के अनुसार कुली को पहले से ही बुक कर सकेंगे। जैसे ही यात्री स्टेशन पहुंचेगा, बुक किया गया कुली निर्धारित स्थान पर मौजूद रहेगा। इस सेवा के लिए एक पारदर्शी डिजिटल भुगतान प्रणाली विक. सित की जा रही है, जिससे यात्रियों को पहले से पता होगा कि उन्हें कितना शुल्क देना है। अक्सर त्योहारों या भीड़भाड़ के समय कुछ कुली यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं, जिससे यात्रियों और कुलियों के बीच विवाद की स्थिति भी पैदा होती है। आनलाइन बुकिंग सिस्टम शुरू होने से समस्या खत्म हो जाएगी। अधिकारियों का मानना है कि इस कदम से न केवल यात्री सुविधाओं में इजाफा होगा, बल्कि कुलियों के काम में भी पारदर्शिता आएगी।

# बिजली शीर्ष प्रबंधन को दुबे ने दी चुनौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** प्रदेश की चरम. राती बिजली व्यवस्था को लेकर आज कानपुर में केस्को मुख्यालय पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के बैनर तले बिजली कर्मियों की एक विशाल और जोरदार सभा आयोजित की गई।

सभा में केस्को डिस्काम से आए कर्मचारियों और अभियंताओं ने पावर कारपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त करते हुए साफ कहा कि यदि प्रबंधन बिजली व्यवस्था संभालने में अक्षम है, तो नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद छोड़ दे।संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने एलान किया कि



यदि पनकी और जवाहरपुर ताप बिजली घरों के परिचालन और अनुरक्षण कार्य को आउटसोर्स करने का एकतरफा टेंडर किया गया तो उसी समय बिना और कोई नोटिस दिए प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मी प्रांत व्यापी आंदोलन शुरू कर देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि पावर कारपोरेशन में वर्टिकल व्यवस्था लागू करना, संविदा कर्मियों को बाहर करना, नियमित पदों में कटौती करना और अव्यवहारिक प्रयोग करनाकृये सब प्रबंधन की गलत नीतियों के उदाहरण हैं, जिनके कारण आज राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अधिक. ांश जनपदों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है और जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बिजली व्यवस्था सुधारने का एकमात्र रास्ता है ।शैलेन्द्र दुबे ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक निजीकरण का फैसला पूरी तरह वापस नहीं लिया जाता और बिजली कर्मियों पर की गई हर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को निरस्त नहीं किया जाता।केस्को मुख्यालय पर आयोजित इस सभा को शैलेन्द्र दुबे,जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पी.एस. बाजपेई, विजय त्रिपाठी, गौरव दीक्षित, रफीक अहमद, आर.एस. मिश्रा सहित कई प्रमुख पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम ने किया अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब



## समाधान दिवस से रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब कर लिया है।

तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी नितिन गौड़ ने जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण दी गई है। उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिलनी चाहिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने के दौरान पाया गया कि कुछ अधिकारी उपस्थित नहीं थे। अनुपस्थित रहने पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, अधिशासी अभियंता नलकूप, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, खंड विकास अधिकारी गजरौला और खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर का स्पष्टीकरण जारी करने के साथ 03 दिन में जवाब देने के निर्देश दिये। कहा कि लगातार लापरवाही बरती जा रही है। जिससे जनपद की रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। राजस्व विभाग की 26, चकबंदी विभाग की 09, पुलिस विभाग की 15, विकास विभाग की 10 और अन्य 10 सहित कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव, उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 योगेंद्र सिंह सहित जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नहर में कूदे आर्यस का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

## एनडीआरएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव मिलक अख्तियारपुर में रामगंगा पोषक नहर में कूदे 12 वर्षीय छात्र आर्यस का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। शनिवार को एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय गोताखोरों और पुलिस के साथ नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया। बेटे की तलाश में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी निवासी रवि कुमार का पुत्र आर्यस गांव मिलक अख्तियारपुर में अपने मामा आकाश के घर रहकर पढ़ाई करता था। वह गांव हैवतपुर के एक स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। शुक्रवार दोपहर वह अपनी नानी के साथ खेत पर गया था। इसी दौरान खेत के पास से गुजर रही रामगंगा पोषक नहर में उसने छलांग लगा दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया था। मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने शुक्रवार देर शाम तक स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। एनडीआरएफ की टीम ने नहर में कई किलोमीटर तक तलाश अभियान चलाया। पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। ग्रामीणों की भीड़ दिनभर नहर किनारे जुटी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि छात्र की तलाश लगातार जारी है। एनडीआरएफ टीम और गोताखोर नहर में सर्च अभियान चला रहे हैं।

# छह माह से गायब चकबंदी विभाग की सरकारी फाइलें

## चौथे दिन भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील में चकबंदी विभाग की आधा दर्जन सरकारी फाइलें करीब छह महीने से गायब होने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम और अधिवक्ताओं के बीच हुई वार्ता में इस मुद्दे पर जमकर गहमा गहमी हुई। अधिवक्ताओं ने फाइलें गायब होने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग उठाई। तहसील में भ्रष्टाचार, खतौनी में अंश निर्धारण न होने, दाखिल-खारिज के बाद आदेश फीड न किए जाने समेत कई समस्याओं को लेकर अधिवक्ता पिछले चार दिन से हड़ताल पर हैं। 30 अप्रैल से अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत हैं, जिससे वादकारियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शनिवार शाम एसडीएम शैलेश दूबे ने तहसील सभागार में अधिवक्ताओं के साथ वार्ता की। काफी देर चली बातचीत के बाद भी हड़ताल खत्म करने पर सहमति नहीं बन सकी। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। वार्ता के दौरान चकबंदी विभाग की फाइलें गायब होने का मामला सबसे ज्यादा गरमाया रहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि करीब छह महीने से सरकारी फाइलें गायब हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराने की मांग की। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग में दावे और आपत्तियां दर्ज नहीं की जा रहीं। साथ ही मुआयना संबंधी समस्याएं भी उठाई।एसडीएम शैलेश दूबे ने बताया कि अंश त्रुटि और खतौनी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए लेखपालवार रोस्टर बनाया जाएगा। चकबंदी विभाग में दावे-आपत्तियां दर्ज न होने की शिकायत पर पेशकार को कड़ी चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि पांच से सात फाइलें गायब होने का मामला सामने आया है। मामले में सीओ चकबंदी को पत्राचार के निर्देश दिए गए है और नियमानुसार एफआईआर कराई जाएगी। वहीं एसीओ चकबंदी नेपाल सिंह ने बताया कि फाइल गायब होने का मामला रिटायर पेशकार जगबीर सिंह के समय का है। उनके रिटायर होने के बाद से फाइलें नहीं मिल रही हैं। मामले में पत्राचार किया जाएगा। वार्ता के दौरान तहसीलदार मूसाराम थारू, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संदीप गुप्ता समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



# असवैधानिक आदेश के खिलाफ उतरे शिक्षक

## एससी एसटी टीचर्स संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एससी-एसटी टीचर्स संघ ने लेखाधिकारी द्वारा जारी कथित असंवैधानिक आदेश के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में शिक्षक बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंचे और बड़े बाबू राकेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष वरन सिंह ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ब) प्रत्येक नागरिक को संगठन बनाने का मौलिक अधिकार देता है, ऐसे में किसी भी संगठन को अवैध ठहराना पूरी तरह गलत है। जिला संरक्षक डॉ. मुकेश कुमार पवार ने भी आद. ेश को असंवैधानिक बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। वहीं जिला महामंत्री मोहित कुमार ने कहा कि संवैधानिक रूप से कोई भी संगठन शून्य नहीं हो सकता। महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशि भूषण ने आदेश को तुरंत खारिज करने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष योगेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षक हित में यह आदेश निरस्त नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। प्रदर्शन करने वालों में नीरज यादव, शाहनवाज, डॉ. रजनी रानी, गंगोत्री देवी, नौबहार सिंह, पवन कुमार, जयवेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सिलेंडरों के दामों में तत्काल कटौती की जाए

## समाधान दिवस में भाकियू ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (बी.आर. अंबेडकर) के कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

शनिवार को प्रदर्शन के दौरान अपनी विभिन्न मांगों और राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी पर हुई हुई कार्यवाही को नाजायज करार देते हुए नारेबाजी की गई। बाद में जिला अधिकारी नितिन गौड़ को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से दिग्विजय भाटी ने उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ श्गुंडा एक्टश के तहत दर्ज किये गये मुकदमे पूरी तरह से आधारहीन और फर्जी हैं। भाटी ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनका संगठन किसानों के अधिकारों और जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को पूरी तरह से लो. कतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से उठाता रहा है। भाटी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दमनकारी कार्रवाई उनकी सामा. जिक छवि को धूमिल करने और किसानों की जायज राजनीतिक आवाज को दबाने के दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से की गई है। उन्होंने इन मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग की और सख्त चेतावनी भी दी कि यदि दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गये तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे। भाटी ने घरेलू गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ती कीमतों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि महंगाई ने गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है और उज्ज्वला योजना के लाभार्थी आज भी चूंल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं। जो बहुत शर्मनाक है। संगठन ने मांग की कि गैस सिलेंडर के दामों में तत्काल कटौती की जाये और सब्सिडी को सुचारू रूप से लागू किया जाये। इस अवसर पर देवेंद्र यादव, मेवाराम, रुम सिंह, अमरजीत, धर्मपाल सिंह, कुलदीप, सोनू आदि मौजूद थे।

# भाजपा राज में ठप हुआ प्रदेश का विकास

## सपा की बैठक में चुनाव में जुटने का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है और सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और अपने हक के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। पार्टी कार्यालय पर सपा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई, बेरा. ेजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है, जबकि किसानों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है और सरक. ारी तंत्र में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और अपने हक के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। पूर्व विधायक हाजी शब्बन ने सपा सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि उस समय एक्सप्रेसवे, डायल 100, एंबुलेंस सेवा और महिला सुरक्षा जैसी योजनाएं शुरू की गईं, जिनका व्यापक लाभ जनता को मिला। बैठक में इस अवसर पर सन्तराम सिंह यादव, चंद्रपाल सैनी, मुख्तार नकबी, मुमताज खां, रविपाल चिकारा, विपिन कौशिक, सर्वेश सैनी, आदित्य चौधरी,अजय मलिक, अतीक अहमद, राधेलाल रघुवंशी, आलोक भारती, डॉ0 अनीस अहमद, राजेन्द्र खड्गवंशी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत नए बच्चों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। स्कूल चलो अभियान के तहत विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र में कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले नन्हे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने नये छात्र-छात्राओं का अत्यंत आत्मीयता से स्वागत किया। उन्होंने प्रत्येक नव-नामां. कत छात्र छात्राओं को फूल-मालाएं पहनाईं। स्वागत पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनमें शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा, ष्बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा की नींव मजबूत होना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के तहत हम घर-घर जाकर नामांकन प्रक्रिया को गति दे रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र, वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह,सहायक अध्यापक अजय सागर, मनीष कुमार, अमित कुमार, रेनू कंसल, राशिद अली, संतराम सिंह, दीपचंद सिंह,राजवती और लीलाव. ती आदि उपस्थित रहे।

## सांसद-अभिनेत्री कंगना रनौत ने भारत मंडपम में किया सम्मानित

# कोल्ड चैन में यूपी का डंका! धनौरा को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। छोटे शहर से निकल. कर राष्ट्रीय मंच तक पहुंची मंडी धनौरा की कंपनी न्यूफार्म फ्रॉजेन्स प्राइवेट लिमिटेड ने कोल्ड चेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में ऐसा परचम लहराया कि उसे देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2026 से नवाजा गया। यह सम्मान सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा नई दिल्ली स्थित भव्य भारत मंडपम में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

सम्मान मिलते ही मंडी धनौरा और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। समारोह में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्योग. पतियों, सामाजिक संस्थाओं और प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, लेकिन उत्तर प्रदेश की इस कंपनी ने अपनी कार्यशैली और उपलब्धियों से विशेष पहचान बनाई। कंपनी की ओर से दिव्यांशु अग्रवाल और कनु अग्रवाल ने मंच पर पहुंचकर सम्मान ग्रहण किया। सम्मान मिलने के बाद दोनों ने कहा कि यह केवल एक अवॉर्ड नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, संघर्ष और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगी।उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार, मित्रों और कम्पनी की पूरी टीम को देते हुए कहा कि सभी के विश्वास, सहयोग और समर्पण के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। गौरतलब है कि न्यूफार्म फ्रॉजेन्स प्राइवेट लिमिटेड पिछले कई वर्षों से कोल्ड चेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में लगातार बेहतर कार्य कर रही है। आधुनिक तकनीक और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के दम पर कंपनी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान कंपनी की बढ़ती प्रतिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों की बड़ी पहचान माना जा रहा है।

# समस्याओं का समाधान न हुआ तो होगा घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील परिसर में आयोजित श्संपूर्ण समाधान दिवसश पर भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

शनिवार को चौधरी दिवाकर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद गठन के 28 वर्ष बाद भी अमरोहा जिला सहकारी बैंक से वंचित है। जबकि यहाँ की वसूली दर (98.51%) प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने नकली खाद और कीटनाशकों के कारोबार पर चिंता जताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। घ्उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान में तेजी और गजरौला में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की जाये। तिगरी से ब्रजघाट तक गंगा रिवर फ्रंट का निर्माण। सिंचाई के लिए रात में 10 घंटे बिजली और आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा की जाये। घ्संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि इन ज्वलंत समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो 7 मई को अमरोहा कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान भारी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वॉलीवाल में अतुल्य सदन को मिला प्रथम स्थान

## द आर्यन्स में प्रतियोगिता का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** द आर्यन्स में शनिवार को अंतर-सदनीय वालीबाल प्रतियोगिता में अतुल्य सदन की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने टास उछालकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

फाइनल मुकाबला अतुल्य और अगम्य सदन के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए अतुल्य सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम में अभिजोत सिंह, आदित्य चौधरी, दक्ष, अक्ष चौधरी, कुशाग्र पनेरा, अभिनव गुर्जर और शांजिल शामिल रहे। वहीं अगम्य सदन के सिद्धांत, अरहान, मोहम्मद समरान, मयंक संधू, देवांग सिरो. ही, अनंत चौधरी, अर्नब देओल, भविष्य पाल और अर्पित सिद्धू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमौके पर प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने कहा कि अनुशासन कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह तथा निदेशक अमन लिट्ट व गौरव चौधरी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# समयवद्ध और पूर्ण मानकों के साथ करें जनगणना



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर पालिका परिषद के सभागार में जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के चतुर्थ चरण का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी/खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने शिक्षा विभाग की ओर से प्रगणकों को समयवद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए सभी प्रगणकों ने जनगणना कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण प्रभारी/अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने भी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को पूरी मेहनत के साथ निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए समय से जनगणना पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अवधेश कुमार, नवनीत कुमार, ललित कुमार, रविन्द्र सिहं, अक्षय शुक्ला, विभोर जिंदल, दीपू कुमार, नदीम खाँ, कपिल भटनागर, सुमित मौजूद रहे।

# ब्राह्मण सभा ने लिया एकजुटता का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर ब्राह्मण सभा की बैठक में अध्यक्ष डॉ0 रविभूषण शर्मा ने कहा कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

■ **शोभायात्रा की सफलता पर सभी का आभार जताया**

को सफल बनाने के लिए कार्यकारिणी और नागरिकों द्वारा दिया गया समर्थन आभार के योग्य है।



शनिवार को नगर के शिव इण्टर कॉलेज में आयोजित बैठक में अध्यक्ष ने शोभायात्रा की आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए भविष्य में ब्राह्मण सभा के द्वारा आयोजित होने विभिन्न कार्यक्रमों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने शोभा यात्रा में ब्राह्मण समाज के साथ-साथ अन्य समाजों द्वारा शोभायात्रा के भव्य स्वागत के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए एकजुटता का संकल्प लिया। कहा कि हमें एक दूसरे के सुख दुख में काम आते हुए समाज और देश को आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर ओमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष देवेश शर्मा, देवराज शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, सभीर प्रभाकर, विपिन शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, सार्थक शर्मा, एसके त्रिपाठी, नीरज शर्मा, सर्वेश शर्मा, योगेन्द्र प्रसाद शर्मा, लोकेश शर्मा, महेन्द्र शर्मा, डॉ.अनिल शर्मा, उत्तम शर्मा, नवनीत शर्मा, कुलदीप शर्मा, उदित शर्मा आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन नगर महामंत्री रोहि. हत शर्मा ने किया।

# संविधान व लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी भाजपा सरकार: लौटनराम निषाद

**लखनऊ।** गौशाईगंज विधानसभा के बीकापुर क्षेत्र अन्तर्गत भैरोपुर टीकरा गांव में रामहेत यादव -प्रेमनारायण ऊर्फ जंगली यादव द्वारा जगन्नाथ मेला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने भाजपा सरकार को छात्र-नौजवान, किसान विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार संविधान व लोकतंत्र को खत्म कर मनुस्मृति का विधान लागू करने के षडडंत्र में जुटी हुई है। भाजपा हिन्दू-मुसलमान, यादव -गैर यादव,दलित -अतिद. लित के नाम पर नफ़रत पैदा कर पीडीए की ताक़त को कमजोर कर सत्तासीन हुई है। छात्र -नौजवान, किसान व अपने बच्चों के भविष्य



को बचाने के लिए पीडीए को मजबूत कर 2.27 में पीडीए महानायक अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाना आवश्यक है। समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. लौटन राम निषाद ने सवाल करते हुए कहा कि क्या मंडल कमीशन द्धओबीसी आरक्षण ऋ का विरोध किसी मुसलमान ने किया, जातिगत जनगणना, समानुपातिक हिस्सेदारी, ओवरलेपिंग व माइग्रेशन व यूजीसी का विरोध मुसलमानों ने किया? अगर पिछड़े दलितों के संवैधानिक अधिकार, भागीदारी,आरक्षण, प्रतिनिधित्व, जातिगत जनगणना व यूजीसी का विरोध मुसलमानों ने नहीं किया तो मुसलमान पीडीए के दुश्मन कैसे? उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा सरकार बनी है तब से ओबीसी, एससी कोटे की खुलेआम डकैती व हकमारी की जा रही है। जनसभा में प्रमुख रूप से बृजेश यादव,जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव,शारदा प्रसाद निषाद,रोली यादव, अखिलेश यादव,परशुराम यादव,राम संवार यादव, शिवराम यादव, भानुप्रताप यादव, राममूरत यादव,परशुराम निषाद प्रधान,सुरेन्द्र यादव प्रधान,रविन्द्र यादव पूर्व प्रधान, गयाप्रसाद यादव, डा. मनोज कुमार यादव आदि सहित हजारों प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में नए राजकीय महाविद्यालयों की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मई माह में ही अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में 2. नए राजकीय महाविद्यालयों की सौगात मिल सकती है। इसके लिए उच्च शिक्षा निदेशालय पद सृजन और विषय संचालन को लेकर डीपीआर तैयार कर रहा है।

अगले सप्ताह मुख्यमंत्री के समक्ष इसकी प्रस्तुति प्रस्तावित है। इन महाविद्यालयों के शुरू होने के बाद प्रदेश में राजकीय महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर 236 हो जाएगी। ये महाविद्यालय प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रयागराज, मेरठ, लखनऊ, बरेली और गोरखपुर मंडल के विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा करीब 1. करोड़ रुपये प्रति महाविद्यालय की लागत से भवन निर्माण कराया गया है। इनमें से लगभग 1. महाविद्यालयों के भवन वर्ष 2.25 में उच्च शिक्षा निद. `शालय को हस्तांतरित किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक इनमें शैक्षणिक गतिविधियां शुरू नहीं हो सकी हैं। प्रतापगढ़, सीतापुर, उन्नाव, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, बिजनौर, शामली, संतकबीरनगर, रामपुर, आजमगढ़, बलरामपुर, मुजफ्फरनगर और गौतमबुद्धनगर समेत 15 जिलों के विभिन्न स्थानों पर महाविद्यालयों के भवन तैयार हो चुके हैं या निर्माणाधीन हैं।

## सीएचसी परिसर में युवक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** घायल मित्र का हाल जानने सीएचसी पहुंचे एक युवक के साथ अस्पताल परिसर में मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मोहल्ला गंगवार कॉलोनी निवासी सूरज प्रताप के मुताबिक 26 अप्रैल की रात उनके मित्र अंकुर का फोन आया कि उनके साथी अभिषेक श्रीवास्तव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है और उनका सीएचसी में पुलिस मौजूदगी में मेडिकल परीक्षण हो रहा है। यह सूचना मिलने पर सूरज प्रताप अंकुर के साथ सीएचसी पहुंचे और अभिषेक का हालचाल लिया। आरोप है कि इसी दौरान सीएचसी परिसर में सुदेश पाण्डेय, अभय ठाकुर व आदित्य गंगवार अपने साथियों के साथ पहुंचे और सूरज प्रताप पर हमला कर दिया। उनके पास खड़ी कार में डंडे रखे थे। आरोपियों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायतें दर्ज



- तीन का मौके पर निस्तारण
- किसानों के अनोखे विरोध से मचा हड़कंप
- घुटनों के बल तहसील पहुंचे किसान नेता
- वीडियो वायरल-प्रशासन पर लगाए अनदेखी के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 37 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई हेतु भेजा गया।

समाधान दिवस के दौरान कई विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता मीरगंज/फतेहगंज पश्चिमी व शेरगढ़ तथा सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। वहीं किसी भी थाने के प्रभारी निरीक्षक के उपस्थित न होने और केवल उपनिरीक्षकों के प्रतिनिधि के रूप में आने पर भी स्पष्टीकरण तलब किया गया। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर कार्रवाई



की चेतावनी दी गई। इस दौरान समाधान दिवस में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी और कार्यकर्ता घुटनों के बल चलते और जमीन पर रेंगते हुए जनसुनवाई कक्ष तक पहुंचे। किसानों के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन से सभागार में अफरा-तफरी मच गई। किसानों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। किसानों ने भिटौली नगला में जमीन के अंश निर्धारण, हल्दी दोद आलमपुर में हाईटेंशन लाइन हटाने, मनकरी में अवैध खनन, जर्जर सड़कों, गेहूं खरीद केंद्रों की अव्यवस्था और स्मार्ट मीटर हटाने सहित कई मुद्दे उठाए। इसके अलावा बगरऊ में फर्जी मुकदमे, रहपुरा जागीर में अनुसूचित जाति की भूमि पर कब्जा, फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और मनकरी से हरदोई श्यामपुर मार्ग के अधूरे निर्माण को लेकर भी नारा. जगी जताई गई।

ग्रामीणों ने भूमि विवाद, चकमार्ग अवरोध, तालाब पटने से फसल नुकसान, राशन कार्ड निरस्तीकरण, अवैध कब्जा, जबरन रास्ता निक. ालने और फसल काटने जैसे गंभीर मामलों की शिकायतें भी दर्ज कराईं। कई शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन के दौरान भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष चौधरी सुधीर बालियान, जिला उपाध्यक्ष मदन लाल गंगवार, अरविंद सिंह सोम. वसी, मीडिया प्रभारी विशाल पाल, जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह,चौधरी हरवीर सिंह सहित कई किसान नेता मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### वायरल हुआ विरोध का वीडियो

घुटनों के बल तहसील पहुंचने और रेंगते हुए जनसुनवाई कक्ष में प्रवेश करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जांच के बाद शीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्ती समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतों में राजस्व की 12, पुलिस की 10, आपूर्ति की 7, बिजली की 6, ग्राम विकास की 1 और जल निगम की 1 शिकायत शामिल रही।

# डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गोंडा।** डीएम श्रीमती प्रियंका निरंजन और एसपी विनीत जायसवाल ने जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का



निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बन्दियों वार्ता की, उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वकील नहीं है तो बता दीजिए वकील की व्यवस्था करा दी जायेगी।इस दौरान जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, कारागार डाक्टर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्व मामलों के निस्तारण के मामले में लखनऊ अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। प्रदेश सरकार की सक्रिय रणनीति और नियमित समीक्षा के चलते राजस्व वादों के निपटारे में उल्लेखनीय तेजी आई है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली की अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे प्रदेश में कुल 3,37,708 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें राजधानी लखनऊ 18,861 मामलों के साथ शीर्ष पर रहा। दूसरे स्थान पर प्रयागराज 12,036 मामले रहा, जबकि बाराबंकी 9,139 मामलेऋ तीसरे स्थान पर रहा। आजमगढ़ ने 8,483 मामलों के निस्तारण के साथ चौथा स्थान हासिल किया, वहीं बरेली पांचवें और जौनपुर छठे स्थान पर रहा। जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व मामलों के निस्तारण में जौनपुर ने एक बार फिर पहला स्थान हासिल किया। यहां पांच राजस्व न्यायालयों ने निर्धारित मानक से कहीं अधिक 535 मामलों का निस्तारण किया, जो 214 प्रतिशत उपलब्धि है। इस श्रेणी में सुल्तानपुर दूसरे और गाजीपुर तीसरे स्थान पर रहे। जिलाधिकारी न्यायालय स्तर पर भी जौनपुर ने उत्क द्धष्ट प्रदर्शन करते हुए 30 मामलों के मानक के मुकाबले 70 मामलों का निस्तारण किया और 233-33 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। इस श्रेणी में मऊ दूसरे और मैनपुरी तीसरे स्थान पर रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक का इज्जतनगर मंडल दौरा, रेलखडों का किया निरीक्षण

- काठगोदाम, काशीपुर व लालकुआं स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के कार्यों में तेजी के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने इज्जतनगर मंडल के दो दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न रेलखंडों का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दौरे के पहले दिन उन्होंने इज्जतनगर-काठगोदाम रेलखंड तथा दूसरे दिन रामनगर-काशीपुर-लालकुआं रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार एवं संबंधित शाखा अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अपर महाप्र. बंधक ने रेलपथ के रख-रखाव, साफ-सफाई, ट्रेनों की राइडिंग क्वालिटी, सिग्नल व्यवस्था, कॉशन ऑर्डर तथा समपार फाटकों की स्थिति का बारीकी से अवलो. कन किया। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं



का भी जायजा लिया और स्टेशन परिसरों की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को परखा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत काठगोदाम, काशीपुर और लाल. कुआं स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और रेलवे सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# यूनिटी पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ भव्य समापन

**लखनऊ ।** यूनिटी पीजी कालेज द्वारा स्टाकहोम द्धस्वीडनऋ स्थित लायल टेक के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शासन, नवाचार और समाजरू उभरती बहुविषयक चुनौतियांह का आज सफल समापन हो गया। यह सम्मेलन कल शुरू हुआ था, जिसमें देश-विदेश के विद्वानों, नीति निर्माताओं और छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की।दूसरे दिन आयोजित तकनीकी सत्रों में समाज-संस्कृति और सामाजिक परिवर्तन, विज्ञान-प्रौद्योगिकी एवं मानव विकास, नैतिकता, मानव संसाधन तथा समावेशी विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इन सत्रों की अध्यक्षता



प्रो. जेबा अकील, प्रो. शमामा मिर्जा और डा. ज्ञान प्रकाश सहित अन्य विशेषज्ञों ने की।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. आलोक धवन रहे। उन्होंने कहा कि मानव मस्तिष्क प्रकृति का सबसे श्रेष्ठ साफ्टवेयर है, जो नवाचार की असीम संभावनाओं से युक्त है। उन्होंने ज्ञान के संचयन और उसके हस्तांतरण को निरंतर विकास का आधार बताते हुए बहुविषयक चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तुत शोध पत्रों की समग्र रिपोर्ट पेश की गई।

# डीएम ने शुरू की जनता दर्शन की लाइव मॉनिटरिंग, अब तहसीलों पर सीधे नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को लेकर डीएम अविनाश सिंह ने बड़ा कदम उठाते हुए तहसील मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनता दर्शन कार्यक्रम की लाइव मॉनिटरिंग की शुरुआत कर दी है। आज से यह व्यवस्था जनपद मुख्यालय से लागू कर दी गई है, जिसके तहत सभी तहसीलों में सुबह 10 से 12 बजे तक होने वाले जनता दर्शन पर सीधी नजर रखी जाएगी।

यह पहल शासन की मंशा के अनुरूप की गई है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिलाधिकारियों के स्तर पर जनता दर्शन की लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू की गई थी। उसी व्यवस्था को अब जनपद स्तर पर विस्तार देते हुए बरेली में भी लागू किया गया है। लाइव मॉनिटरिंग के दौरान जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों से वर्चुअल संवाद किया और निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### आरी वाले तारों से गोवंश जख्मी जंगल में तड़पता मिला सांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र में खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे आरी ब्लेड वाले तार अब गोवंश के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। ताजा मामला गांव गूला के जंगल का है, जहां एक सांड गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा तड़पता मिला। आरी वाले तारों की चपेट में आने से उसका पिछला पैर आधे से ज्यादा कट गया, जबकि अगला पैर भी बुरी तरह जख्मी हो गया है। घायल सांड चलने-फिरने में असमर्थ है और जंगल में ही बैठा दर्द से कराह रहा है।ग्रामीणों की सूचना पर अजय मौर्य मौके पर पहुंचे और सांड को गर्मी से राहत दिलाने के लिए पानी की व्यवस्था की। वहीं सूचना मिलने पर चुरई दलपतपुर निवासी पशु प्रेमी सुनीता सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचीं और उन्होंने तत्काल प्रशासन को इसकी जानकारी दी।

सुनीता सिंह ने बताया कि देर शाम तक भी घायल गोवंश के इलाज के लिए कोई जिम्मेदार अधिकारी या पशु चिकित्सक मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि सांड की हालत बेहद गंभीर है और वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले बंद रेलवे क्रॉसिंग के पास भी एक गोवंश इसी तरह आरी वाले तारों से जख्मी मिला था, जिसके पेट के घाव में कीड़े पड़ गए थे। उस गोवंश को मंदिर परिसर में बांधकर पिछले आठ दिनों से उसका उपचार कराया जा रहा है।इस तरह की घटनाओं से ग्रामीणों और पशु प्रेमियों में भारी रोष है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों में लगाए जा रहे खतरनाक आरी वाले तारों के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सके।

### गन्ना भुगतान को लेकर किसानों में रोष, 11 मई को केसर शुगर मिल पर होगा धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों की बैठक नई गन्ना सोसायटी बहेड़ी में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की ज्वलंत समस्या गन्ना भुगतान को लेकर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में किसानों की बकाया राशि जल्द दिलाने को लेकर रणनीति बनाई गई।



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 मई (सोमवार) को केसर शुगर मिल, बहेड़ी पर किसानों का विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई संतोषजनक परिणाम नहीं निकलता है तो क्षेत्र के किसानों से विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। किसान यूनियन के नेताओं ने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरने को सफल बनाएं और अपने गन्ना भुगतान की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में भागीदारी निभाएं। बैठक में तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष जगत सिंह, प्रदेश सचिव धीरेंद्र राठी, जिला सचिव यामीन मलिक, युवा जिला उपाध्यक्ष करीम सैफी, तहसील सचिव राशिद खान, उमाशंकर, ग्राम अध्यक्ष रामस्वरूप सागर, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना लाल पटेल, मीडिया प्रभारी रहीब खान, अनिल कुमार दुबे, गजेंद्र सिंह, तहसील महासचिव अहमद रिजवान, ब्लॉक उपाध्यक्ष नारायण दास तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हाफिजगंज से दंपत्ति हज यात्रा पर हुए रवाना दुआओं के बीच दी गई भावुक विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज**। क्षेत्र के कस्बा हाफिजगंज निवासी अब्दुल रशीद अपनी पत्नी के साथ आज मुकद्दस हज यात्रा के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर सुबह मीलाद-ए-पाक का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर दुआएं मांगीं। पूरे माहौल में रूहानी खुशी और उत्साह देखने को मिला। रवाना होने से पहले परिजनों, रिश्तेदारों और मोहल्ले के लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से विदाई दी, और उनके सफर की सला. मती तथा हज की कबूलियत के लिए अल्लाह से दुआ की।



इस अवसर पर ग्राम प्रधान कलीम आजाद, ग्राम प्रधान बकैनिया मोबीन बेगम, एडवोकेट सरताज हुसैन, जियाउल हक, शहंशाह अंसारी, डॉ० हामिद अंसारी, मास्टर मोहम्मद यूसुफ और सद्दीक अहमद सहित कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। सभी ने दंपत्ति को मुबारकबाद देते हुए उनके सफर को आसान और मकबूल होने की दुआ की। हज इस्लाम का एक अहम फर्ज है, जिसे हर मुसलमान अदा करने की तमन्ना रखता है।

### गृह क्लेश में जहरीला पदार्थ खाने से अलग-अलग गांवों में दो लोगों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दो अलग अलग गाँवो में दम्पति में कहासुनी के बाद दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।एक ने ससुराल में पहुंचकर जहर खाया तो दूसरे व्यक्ति ने अपने घर में ही जहरीला पदार्थ खाया।एक मृतक के भाई ने मृतक की पत्नी पर ही जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।जिसमें पुलिस ने जाँच की बात कहकर दोनों के शवों का पंचनामा भर कर शव पी एम को भेज दिए।

मृतक रूप किशोर पुत्र नेमचंद उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम पंडरी की जहरीला पदार्थ खाने से सन्दिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आए दिन पति पत्नी में विवाद के चलते ग्रह क्लेश में युबक ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जबकि मृतक के बड़े भाई सुरेन्द्र ने वताया कि भाई रूप किशोर का शुक्रवार की शाम किसी बात पर झगड़ा होने पर उसकी पत्नी ने खाने में जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी।मृतक गाँव में कम्पाईन मशीन चलाता था।मृतक अपने परिवार के साथ गाँव में अलग रहता था।मैं रुद्रपुर (उत्तराखण्ड ) में काम करता हूँ।जानकारी होने पर सुवह ही गाँव आया हूँ।वहीं दूसरा मृतक छेदालाल पुत्र झुण्डे लाल उम्र लगभग 35 वर्ष ग्राम इटउआ शरीफ नगर थाना देवरनिया का निवासी है।जिसने अपनी ससुराल ग्राम सराय थाना शीशगढ़ में जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली।मामले में पुलिस ने वताया कि मृतक शराब व जुआ खेलने का आदि था।जिस पर गाँव में लोगों का लाखों रुपए का कर्जा था।कर्जे बालों के तकादे से हर समय घर में क्लेश रहता था।जिससे परेशान होकर मृतक की पत्नी दो दिन पहले अपने मायके आ गई थी।पत्नी के मायके जाने से परेशान छेदालाल शुक्रवार को ससुराल पहुंचा जहां उसने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने वताया कि दोनो ही युवकों ने ग्रह क्लेश में स्वयं ही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। उधर पड़री में पत्नी पर जहरीला पदार्थ खिला कर हत्या करने के आरोप की जाँच की जाएगी।वहीं दूसरे जुआरी व शराबी व्यक्ति ने ससुराल पहुंचकर आत्महत्या की है।दोनों मृतकों के शवों को पंचनामा भरकर पी एम को भेज दिया है।

### जिला बदर अभियुक्त को पुलिस ने जिले की सीमा के बाहर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने वताया कि उच्चाधिकारियो के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माननीय न्यायालय अपर जिलाधिकारी बित्त एवं राजस्व के द्वारा जिला वदर किए गए अभियुक्त बब्लू पुत्र फकीर अहमद निवासी जाफर पुर को बरेली जिले की सीमा से वाहर रामपुर जिले की सीमा में छोड़ा गया है। उक्त व्यक्ति शातिर किश्म का अपराधी था।



CMYK

# तीनों तहसीलों में 200 शिकायतें हुई दर्ज

**नौ शिकायतों का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर निस्तारण**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिले की तीनों तहसीलों में कुल 200 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने तहसील जेवर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का स्थलीय सत्यापन करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील जेवर में कुल 90 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन जनता की समस्याओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जवाब. देही के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर शिकायतों की जांच करें और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रजनीकांत मित्तल, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 104 शिकायतें दर्ज की गई, जिनके सापेक्ष 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से किया गया। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाअधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 06 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके सापेक्ष 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों के माध्यम से करा दिया गया।

# सोसायटी का बैरियर तोड़ा और गार्ड को पीटा, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित रजत विहार सोसायटी में एक युवक द्वारा बैरियर तोड़ने और बुजुर्ग सुरक्षा गार्ड को पीटने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि यह घटना 1 मई 2026 की है और थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के अंतर्गत आती है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक तेज रफ्तार वाहन से सोसायटी के प्रवेश द्वार पर पहुंचता है और बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुसने की को. शिश करता है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात बुजुर्ग गार्ड उसे रोकने का प्रयास करता है, जिस पर युवक आक्रोशित हो जाता है और गार्ड के साथ हाथापाई करने लगता है।

घटना के दौरान मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। इस घटना के बाद सोसायटी के निवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि सोसायटी के शांतिपूर्ण माहौल को भी प्रभावित करती हैं।

निवासियों ने आरोप लगाया है कि आरोपी युवक का व्यवहार पहले भी संदिग्ध रहा है और उस पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस के अनुसार, दिनांक 1 मई को थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में गार्ड के साथ मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक दक्ष प्रियांश को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है और अन्य आवश्यक विधिक प्रक्रिया भी जारी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

# नोएडा में पहली बार होगा 'ब्रज रस भजन क्लबिंग'



**युवाओं को भक्ति से जोड़ने की पहल, 800 लोग होंगे शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहे भजन क्लबिंग कॉन्सेप्ट को अब नोएडा में भी नया मंच मिलने जा रहा है। आगामी 10 मई को ISKCON नोएडा मंदिर में पहली बार 'ब्रज रस भजन क्लबिंग' का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य खासतौर पर युवा पीढ़ी को भक्ति, संगीत और आध्यात्मिकता से जोड़ना है।

आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम वृंदावन की दिव्यता और ब्रज संस्कृति को मंच पर जीवंत करेगा, ताकि नोएडा में बैठे लोग भी ब्रज रस का अनुभव कर सकें। आयोजन में वृंदावन धाम की महिमा, लीलाएं, गौड़ीय वैष्णव आचार्यों की शिक्षाएं, हरि भजन और हरि कीर्तन के वास्तविक स्वरूप को प्रस्तुत किया जाएगा।

इस्कॉन नोएडा ने बताया कि आज के दौर में इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर भजन क्लबिंग तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसी ट्रेंड को आध्यात्मिक दिशा देने के लिए 'ब्रज रस' थीम तैयार की गई है। कार्यक्रम ैज्ञब्व्छ छवपकं के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, जिसमें 800 से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# दुकान बेचने का झांसा देकर एक करोड़ ठगे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली के एक दुक. ानदार ने एक बिल्डर और कुछ लोगों पर दुकान बेचने का झांसा देकर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप लगाया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बिल्डर समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

दिल्ली गांधीनगर के रहने वाले होरीलाल ने न्यायालय को बताया कि वह गाजियाबाद में पान की दुकान चलाता है। उसे नोएडा में एक दुकान की तलाश थी। यह बात दुकानदार ने अपने दोस्त सूरज को बताई। सूरज ने दुकानदार होरीलाल को एक बिल्डर के प्रोजेक्ट में दुकान दिलाने का झांसा दिया। उसकी मुलाकात एक प्रॉपर्टी डीलर आदित्य राज सक्सेना से करवाई। वहीं, प्रॉपर्टी डीलर ने पीड़ित की मुलाकात शिवदत्त शर्मा नाम के एक व्यक्ति से करवाई। शिवदत्त ने कहा कि नोएडा में एक बिल्डर के प्रोजेक्ट में उसकी दुकान बुक है, जिसकी रजिस्ट्री अभी नहीं हुई है। पीड़ित को झांसा दिया कि वह बाकी पैसा बिल्डर को दे दे तो वह उसके नाम पर रजिस्ट्री कर देंगे। दुकान खरीदने के लिए 65 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। शिवदत्त शर्मा ने पूर्व में बिल्डर को बीस लाख रुपये दिए थे, बाकी 45 लाख रुपये भी बिल्डर के यहां जमा कर दिए। होरीलाल को बताया गया कि पहले दुकान शिवदत्त के नाम रजिस्टर्ड होगी। इसके बाद उसके नाम पर की जाएगी। आरोप है कि पूरा पैसा लेने के बावजूद भी होरीलाल के नाम पर दुकान की रजिस्ट्री नहीं की गई। पीड़ित का आरोप है कि उसे झांसे में लेकर करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपये जमा करवा लिए गए और दुकान पर कब्जा नहीं दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि इसमें बिल्डर की मिलीभगत सामने आई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब इस मामले में न्यायालय के आदेश पर सेक्टर 142 थाना पुलिस ने बिल्डर अशीष भूटानी, शिवदत्त शर्मा, आदित्य राज सक्सेना, विदित शर्मा और चिराग शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## निवेश का झांसा देकर 75 लाख ठगे

**टेलीकॉम कंपनी से रिटायर्ड इंजीनियर को वाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा पहले दिया मुनाफा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने टेलीकॉम विभाग से रिटायर्ड 71 साल के इंजीनियर के साथ 75 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ठगी के संबंध में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,उनकी जांच की जा रही है।

सेक्टर-104 स्थित एटीएस वन हैमलेट सोसाइटी में रहने वाले बुजुर्ग आलोक सहदेव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 फरवरी 2026 को उन्हें वाट्सऐप पर एक निवेश ग्रुप में जोड़ा गया। इस ग्रुप का नाम वेल्थ एलायंस बताया गया, जिसमें शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर भारी मुनाफे का दावा किया जा रहा था। ग्रुप में मौजूद लोगों द्वारा लगातार मुनाफे के स्क्रीनशॉट और ट्रेडिंग की जानकारी साझा की जाती थी।

**पहले निवेश में मुनाफा पैसा भी मिला:** ग्रुप से जुड़े लोगों ने एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया और बताया कि इसके जरिए भारतीय शेयर बाजार और विदेशी बाजार में निवेश किया जा सकता है। शुरुआत में पीड़ित ने छोटी राशि निवेश की और उन्हें आठ हजार रुपये का लाभ भी दिखाया गया, जो उनके खाते में वापस भी आया। इससे उनका विश्वास और बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

**धीरे धीरे करके पैसा कराए ट्रांसफर:** उन्हें बताया गया कि न्यूनतम बैलेंस बनाए रखना जरूरी है और आईपीओ में निवेश करने पर भारी लाभ मिलेगा। धीरे-धीरे पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाए गए। आरोपियों ने यह भी झांसा दिया कि उनके शेयर ज्यादा मात्रा में अलॉट हो गए हैं और अगर अतिरिक्त पैसा जमा नहीं किया गया तो खाता फ्रीज कर दिया जाएगा।

**अकाउंट ब्लाक किया:** जब पीड़ित ने और पैसे देने से मना किया, तो उनका ऐप अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया, वाट्सऐप ग्रुप से हटा दिया गया और दिखाया जा रहा पूरा मुनाफा भी गायब हो गया। इस तरह कुल 75 लाख 64 हजार 47 रुपये की ठगी कर ली गई। यह रकम अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई थी। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से भरोसा जीतकर, झूठे मुनाफे दिखाकर और दबाव बनाकर यह ठगी की।

## एक नजर

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-8 स्थित गत्ता फैक्ट्री में आग लग गई। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया। मौके पर एक-एक करके दमकल की 10 गाड़ियों को भेजा गया। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। आग ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर में लगी थी। आग को बुझा दिया गया है। कोई फंसा नहीं है और न ही जनहानि हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग एफ-128 सेक्टर-8 में लगी थी। गार्ड और वहां मौजूल लोगों ने इसकी जानकारी दी। मौके पर एक-एक करके दमकल की गाड़ियों को भेजा गया। आग को कंपनी के अंदर ही समेट दिया गया। जिससे वो बाहर नहीं आ सकी। लागातार पानी का छिड़काव किया और आसपास की कंपनियों तक आग न पहुंचे इसका ध्यान रखा गया। आग की वजह शॉट सर्किट हो सकती है। हालांकि फैक्ट्री में गत्ता बनाने का काम होता है। इसलिए ज्वलनशील पदार्थ भी हो सकता है। जिससे आग लगी है। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है। कोई जनहानि नहीं है। आग से लाखों का मॉल जलकर राख हो गया।

### चार एकड़ में फैला खेल मैदान विकसित करेगा प्राधिकरण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर- 115 स्थित सौहरखा के निवासियों और जनहित संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने एसडीएम अनुज नेहरा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान एसडीएम ने गांव के युवाओं और खेल प्रतिभाओं के लिए भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

एसडीएम ने कहा कि प्रशासन ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए ग्राम सौहरखा में लगभग चार एकड़ में बने सौहरखा खेल मैदान को नोएडा प्राधिकरण से विकसित कराया जाएगा। इस मैदान में विशेष रूप से लड़कियों के लिए रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा। परियोजना के लिए नोएडा प्राधिकरण को आधिकारिक प्रस्ताव भेजा जा चुका है। भूमि के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए यहां प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। इस मौके पर रवि यादव, इन्द्रजित पहलवान, संजय शर्मा, अंकित यादव, जतन पहलवान, प्रदीप यादव, दिनेश पहलवान मौजूद रहे।

### परीक्षा केंद्र पर झुमके-कंगन पहनकर न पहुंचे, फुल स्लीव्स के कपड़े भी बैन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले के 25 केंद्रों पर आज नीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र गाइडलाइंस जारी कर दी हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों को पीने के पानी की पारदर्शी बोतल ही लानी होगी। पैरों में कम हील की फुटवेयर या स्लिपर पहनकर आना होगा। अगर कोई अभ्यर्थी धार्मिक यंत्र या कलावा पहनता है, तो उसे चेकिंग के लिए समय से पहले पहुंचना होगा। विद्यार्थियों को हल्के कपड़े पहनकर आने की सलाह दी गई है। पूरी बांह के कपड़े पहनने वाले विद्यार्थियों को भी समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। साथ ही ड्रेस कोड के मुताबिक एग्जाम सेंटर पर किसी भी तरह की ज्वेलरी पहनकर नहीं जा सकते। इसमें झुमका, कंगन, चेन, अंगूठी जैसी चीजें शामिल हैं। छात्र पूरी बाजू के कपड़े पहनकर परीक्षा नहीं दे सकते। सिर्फ हाफ स्लीव यानी आधी बाजू वाली टी-शर्ट या शर्ट ही पहनने की अनुमति है। कपड़ों पर बहुत बड़े बटन, कढ़ाई या बड़ी पॉकेट नहीं होनी चाहिए। किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, घड़ी या मेटल आइटम साथ न ले जाएं. बाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, कैलकुलेटर या स्मार्ट गैजेट्स शामिल हैं।

**ड्यूटी लगाते समय पक्षपात का आरोप:** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीन शर्मा ने केंद्रों पर ड्यूटी लगाते समय पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हर परीक्षा में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाती है। जब इस परीक्षा में मानदेय अधिक मिलना है तो उन्हें ड्यूटी से दूर कर माध्यमिक शिक्षकों को लगाया गया है। वहीं डीआईओएस ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से ही तैनाती की गई है। वहीं, दूसरी ओर परीक्षा के दौरान 25 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

# लोक अदालत में अधिकतम वाद को हो निस्तारण : न्यायाधीश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में नौ मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए शनिवार को जनपद न्यायालय सभागार में बैठक हुई। जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारी इसमें मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे वादों का पहले ही चिह्नित कर लें, जिससे अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह-सहमति के आधार पर किया जा सके।

लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम, वैवाहिक विवाद, दीवानी वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम से जुड़े मामले, एमवी एक्ट व ई-चालान, आर्बिट्रेशन, लघु शमनीय अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट, विद्युत अधिनियम, भू-राजस्व, सेवा एवं पेंशन, श्रम मामलों के साथ-साथ प्री-लिटीगेशन स्तर पर बैंक ऋण, बिजली और बीएसएनएल बिल जैसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

**प्रचार-प्रसार का निर्देश:** बैठक में नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय को विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि वह अपने अधीन आने वाले सभी विभागों में लंबित वादों की फाइलें समय से तैयार कराएं। सभी विभागों को लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संपर्क विवरण भी जारी किए हैं।

# गर्मी ने की हालत खराब, चार मई को आंधी-बारिश के आसार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मौसम एक बार फिर बदलने को तैयार है। आईएमडी ने 4 ओर 5 मई को तेज आंधी चलने की अनुमान लगाया है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक चलेगी। इसके अलावा दोनों ही दिन हल्की बारिश और बादल छाए रहेंगे। जिससे तापमान में कमी आएगी। हालांकि अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक जाएगा।

शनिवार की बात करे तो अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री तक जाएगा। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक रहेगा। इसके अलावा नमी की मात्रा 50 प्रतिशत और हवा की रफ्तार 5 किमी प्रतिघंटा रहेगी। आईएमडी के मुताबिक आसमान साफ रहेगा।



और धूप निकलेगी। कही कही पर आंशिक बादल छा सकते है।

हालांकि बारिश और तेज हवा चलने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में लोगों को तपन का सामना करना पड़ेगा। वहीं दो दिन दोपहर बाद बारिश के बाद जहा एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार हुआ था। वहीं शनिवार को एक्यूआई 158 रिकार्ड किया गया। शाम को और ज्यादा होने की उम्मीद है।

## जेवर में भारी मालवाहक वाहनों पर रोक लगी

**यमुना सिटी।** जेवर कस्बे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए एक मई से भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर 14 घंटे तक रोक लगा दी गई। वे सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कस्बे में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने नए यातायात नियम शुरू कर एडवाइजरी जारी कर दी है। यह निर्णय एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों और अन्य गतिविधियों के कारण लगने वाले जाम को कम करने के लिए लिया गया। इस दौरान आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट मिलेगी। इससे पहले कस्बे में भारी माल वाहक वाहनों के लिए सुबह सात बजे से 10 बजे और शाम को तीन बजे से रात्रि आठ बजे तक प्रवेश पर रोक थी। इसके बावजूद निर्माण साइट और अन्य स्थानों पर आने-जाने वाले भारी वाहनों की वजह से कस्बे में दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती थी।

# नोएडा में रोबोट से होगी सीवर की सफाई

**केरल मॉडल को अपनाया जाएगा, नौ मई को तिरुवनंतपुरम जाएंगे अधिकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सीवर सफाई व्यवस्था अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। शहर में मैनुअल सीवर सफाई की जगह जल्द ही रोबोटिक तकनीक से सीवर और मैनहोल की सफाई की जाएगी।

हाल के वर्षों में सीवर सफाई के दौरान हुए हादसों और कर्मचारियों की मौतों के बाद नोएडा प्राधिकरण ने यह बड़ा कदम उठाया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सफाई कर्मचारियों को सीवर के अंदर उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिस्क फैक्टर जीरो होगा। नोएडा प्राधिकरण का जल खंड विभाग इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रोबोटिक मशीनों की खरीद से पहले अधिकारियों को इसके संचालन, तकनीकी उपयोग और रखरखाव की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए 9 मई को प्राधिकरण के दो वरिष्ठ प्रबंधकों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम भेजा जाएगा। वहां वे रोबोटिक सीवर सफाई सिस्टम का अध्ययन करेंगे और प्रशिक्षण लेंगे।

**क्यों चुना गया केरल:** केरल देश का पहला राज्य माना जाता है, जहां मैनहोल और सीवर सफाई के लिए बड़े स्तर पर रोबोटिक मशीनों का उपयोग शुरू किया गया। वहां मशीनों के जरिए बिना किसी



कर्मचारी को अंदर उतारे सीवर लाइन की सफाई की जा रही है। इसी सफल मॉडल को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी निकाय विभाग ने नोएडा समेत अन्य शहरों को भी आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए हैं।

**कैसे करेगा रोबोट काम:** रोबोटिक मशीन कैमरा, सेंसर और मैकेनिकल आर्म से लैस होती है। यह मशीन मैनहोल में उतरकर गाद, कचरा और जाम सामग्री को बाहर निकालती है। ऑपरेटर बाहर बैठकर कंट्रोल सिस्टम से पूरी प्रक्रिया संचालित करता है। इससे जहरीली गैस, ऑक्सीजन की कमी और हादसों का खतरा समाप्त हो जाता है।

**नोएडा को क्या होगा फायदा:** रोबोटिक सफाई से न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि सीवर सफाई की गति और गुणवत्ता भी बेहतर होगी। जाम लाइनें तेजी से खुलेंगी, शिकायतें कम होंगी और शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी।विशेषज्ञों का मानना है कि रोबोटिक तकनीक लागू होने के बाद सीवर सफाई में मानवीय जोखिम लगभग शून्य हो जाएगा। नोएडा में यह पहल सफल रही तो प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसे लागू किया जा सकता है।

# खाने में नाखून निकलने का आरोप, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित नालंदा लिविंग हॉस्टल के खाने में नाखून निकलने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसा. रित हो रहा है। वीडियो में दिख रहा छात्र कह रहा है कि खाने में दो नाखून निकले हैं और गिनती की चार रोटियां दी जा रहीं हैं। उसने सब्जी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। मामले में सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मोहित नागर ने आरोप लगाया कि बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

वहीं, हॉस्टल प्रबंधन के राहुल नागर का कहना है कि बच्चों ने खाने में नाखून डालकर वीडियो बना लिया, जिसे वायरल कर दिया गया था। इसी मामले से जुड़ा एक और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें छात्र कह रहा है कि कुछ दोस्तों ने मजाक-मजाक में उसके खाने में नाखून डाल दिया था, जिसकी जानकारी उसे नहीं थी। इस वजह से उसने वीडियो बना लिया था।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# सीडीओ ने भटावली-फाजलपुर गोशालाओं का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने विकासखंड मुरादाबाद के वृहद गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर एवं अस्थाई गौ आश्रय स्थल भटावली का स्थलीय निरीक्षण किया। 330 गौवंश सुरक्षित, चारा पर्याप्तनिरीक्षण में गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर में 185 और अस्थाई गौ आश्रय स्थल भटावली में 145 गौवंश सुरक्षित मिले। दोनों जगह भूसा व हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था। भटावली गौशाला से लिंक 03 हेक्टेयर भूमि पर हरा चारा तैयार किया जा रहा है।बारिश व लू से बचाव के इंतजाम फाजलपुर में बारिश के दौरान गौवंश को सुरक्षित रखने के लिए 04 फीट ऊंचे प्लेटफार्म का निर्माण कराया जा रहा है। गौवंश को लू से बचाने के लिए शेड के चारों ओर जूट के पर्दे लगाए गए हैं। सीडीओ ने जूट के पर्दों को हर दो घंटे में भिगोने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में गौवंश को राहत मिले।ब्ब्ज्ट व स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देशमुख्य विकास अधिकारी ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील कराने के निर्देश दिए।



साथ ही गौवंश का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने और केयर टेकरों को नियमित भुगतान सुनिश्चित करने को कहा।

# कुंदरकी की विद्युत समस्याओं पर सर्किट हाउस में बैठक, 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/कुंदरकी।** कुंद. रकी विधानसभा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर शनिवार को सर्किट हाउस में बैठक हुई। बैठक में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामव. ीर सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति सुचारु और निर्बाध बनाई जाए। गर्मी में बढ़ती मांग को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करने को भी कहा।ये हुए प्रमुख निर्देश 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता 25 ज्ञट। से बढ़ाकर 63 ज्ञट। की जाए। 7 स्थानों पर जर्जर लाइनों की मरम्मत कर तार बदले जाएं। लो-वोल्टेज की समस्या प्राथमिकता पर हल की जाए।कुंदरकी नगर में विद्युत लाइन विस्तार के लिए 40 खंभों के साथ 1000 मीटर तार उपलब्ध कराया जाए। विधायक ने क्षेत्र में पहले से 60 से अधिक ट्रांसफार्मर्स की क्षमता बढ़ाने और 10 स्थानों पर जर्जर तार बदलवाने के लिए विभाग का आभार जताया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और बेहतर बिजली व्यवस्था के लिए लगातार कार्य होगा।बैठक में मुख्य अभियंता अशोक चौरसिया, अधीक्षण अभियंता, कुंदरकी क्षेत्र के समस्त अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, संजय कश्यप, नीरज चंद्रा आदि पदाधिकारी भी शामिल हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी-सहेली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुभाष रस्तोगी ने ग्रुप की सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत उपस्थित मजदूरों को स्टील के टिफिन उपहार स्वरूप भेंट किए गए तथा उन्हें अंगोछा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही चाय-नाश्ते की व्यवस्था कर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस अवसर पर सुभाष रस्तोगी ने कहा कि मजदूर वह कड़ी हैं, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। डॉ. मधु तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूरों के बिना किसी भी विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में ग्रुप की सदस्य कंचनवाला, राजेश्वरी श्रीवास्तव, अनुराधा गोयल, ऊषा अग्रवाल, सरोज शर्मा, सरोज वार्ष्णेय, सीमा वर्मा, रीता आदि उपस्थित रहीं।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 79 मामलों की सुनवाई, 8 परिवारों में हुआ समझौता



**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन, मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 79 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 22 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। वहीं 8 परिवारों में आपसी समझौता कराकर उन्हें पुनः एकजुट किया गया। इसके अलावा 6 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई, जबकि 8 पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, श्रीमती श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता ने दबंगो से जान का खतरा बताकर तहसील दिवस में की शिकायत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अधिवक्ता ने सह खातेदारों से उसके खेत को पानी न दिए जाने गाली गलौज मारपीट करने आदि को लेकर जान का खतरा बताया और कार्रवाई की मांग उठाई। नगर निवासी अधिवक्ता महेंद्र सिंह आज तहसील पहुंचे और उन्होंने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा की गाटा संख्या 351 में बह सह खातेदार है। लेकिन बाकी लोग उसे उसकी जमीन पर पानी नहीं चलाने दे रहे जिसकी वजह से उसकी फसल सूख गई है पानी देने की कोशिश करने पर यह लोग जान से मारने की धमकी देते हैं मारपीट करते हैं और गाली गलौज कर रहे हैं पीड़ित ने इन लोगों से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### स्व: चौधरी भजनलाल पर अमर्यादित टिप्पणी करने की जगह-जगह निंदा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अखिल भारतीय बिश्नोई युवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव गौरव बिश्नोई ने कहा कि राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बिशनोई रत्न स्व: चौधरी भजनलाल जी के बारे मे बदमाशी शब्द का बोलना बहुत ही गलत व मन को ठेस पहुंचाने वाला है। चौधरी साहब आज दुनिया मे नहीं है लेकिन वो लाखो लोगो के दिलों मे आज भी जिंदा है वो हरियाणा ही नहीं पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश से लेकर उत्तर प्रदेश तक अपने व्यवहार, सामाजिक कार्यों के लिए जाते है वो बिशनोई समाज के ही नहीं 36 बिरादरी के नेता थे। सांसद को दिवंगत चौधरी भजनलाल जी के बारे मे ऐसा नहीं बोलना चाहिए था उनको अपने दिए हुए बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### नीट परीक्षा को लेकर एसएम इंटर कॉलेज में बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**चन्दौसी।** देशभर में आयोजित होने वाली एनटीए नीट परीक्षा को लेकर संभल जनपद में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चन्दौसी शहर में तीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को एस.एम.



इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में नीट परीक्षा में ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए और परीक्षा गाइडलाइन को विस्तार से समझाया गया। प्रधानाचार्य ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं।

### मेंढ़ काटने के विरोध पर मारपीट दो नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** मेंड़ काटने का विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव चौराहा रसूलपुर निवासी यामीन पुत्र मुन्वबर का आरोप था कि 26 अप्रैल की दोपहर को करीब 2:00 बजे वह अपने खेत पर गया तो उसके खेत की मेंड़ कटी हुई थी इसके बारे में उसने गांव के भूरा पुत्र सोकत व तालिब पुत्र बाबू से पूछ लिया तो उन्होंने गाली गलौज करनी शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए उन्होंने मारपीट करते हुए कहा कि हमने मेंड़ काटी है जो तुझसे हो कर ले। पीड़ित के मुताबिक उक्त सभी लोग हेकड व दबंग किस्म के हैं आए दिन लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित थाने पहुंचा और अपनी शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने दोनों हमलावरों को नाम जद कर जांच शुरू की है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनसमस्याओं को सुना। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और उनका गंभीरता से समयबद्ध निस्तारण किया जाए। पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों पर एसपी ने संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान सैंजनी निवासी कृष्णा देवी पत्नी खचेडू ने मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल जारी कराने की मांग की।

बहजोई थाना क्षेत्र के पुरा व हयातनगर के ग्रामीणों ने तार चोरी की शिकायत दर्ज कराई, जिसमें 21 खंभों से तार चोरी होने से 20 नलकूपों की आपूर्ति बाधित है। मोहम्मदगंज निवासी फरियादी ने गाटा संख्या 987, रकबा 0.122 हेक्टेयर में लगाए गए ठियों को उखाड़े जाने की शिकायत की। वहीं पैगा रफातपुर के प्रकरण में गाटा संख्या 424, रकबा 0.437 हेक्टेयर पर अवैध कब्जे की शिकायत सामने आई। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की 15, चकबंदी विभाग की 09, विकास विभाग की 06, खाद्य एवं रसद विभाग की 08, समाज कल्याण विभाग की 03, शिक्षा विभाग की 01 व अन्य विभागों सहित कुल 85 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें से 10 शिकायतों पर मौके पर निस्तारण हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को सफल आयोजन व व्यापक प्रचार को लेकर बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में आगामी 09 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर शनिवार शाम 4:30 बजे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदुषी सिंह के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल (चन्दौसी) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष विदुषी सिंह ने लोक अदालत के माध्यम से विवादों को त्वरित, सुलभ, किफायती एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निस्तारित करने पर जोर दिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर उपयुक्त मामलों को चिन्हित कर समय से प्रस्तुत करें। साथ ही आमजन को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। बैठक में नोडल अधिकारी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, एएसपी कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम नीतू रानी व निधि पटेल, तहस. ीलदार रविन्द्र विक्रम व रवि सोनकर, एलडीएम ललित विजय राय सहित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।

# नगर में सादगीपूर्ण निकाह बना मिसाल

## समाज को दिया सुधार और सादगी का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर स्थित हाजरा इस्लाम इस्लामी मरकज में क्षेत्र के प्रतिष्ठित इब्राहीमपुर हाउस परिवार में एक सादगीपूर्ण निकाह संपन्न हुआ, जिसने समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। समाजसेवी मोहम्मद उस्मान के पुत्र मुहम्मद सुब्हान रजा का निकाह बिना किसी दिखावे और फिजूलखर्ची के संपन्न कराया गया, जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक नमाज से हुई। इसके उपरांत मुफ्ती नसीम अहमद ने दूल्हे के सर पर अमामा बांधकर दुआ की। इस अवसर पर सैय्यद शबाहत मियां ने अपने संक्षिप्त बयान में कहा कि शरियत और इंसान की व्यक्तिगत इच्छाएं अलग-अलग होती हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी इच्छाओं से अधिक शरियत को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि दीन की मजबूती इसी में है।

निकाह की रस्म काजी द्वारा खुतबा पढ़कर अदा कराई गई, जिसमें दूल्हा-दुल्हन की कुबू. लियत कराई गई। निकाह के बाद सामूहिक दुआ का आयोजन हुआ तथा उपस्थित लोगों में तबर्रुक वितरित किया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि निकाह एक पवित्र और धार्मिक कार्य है, इसे सादगी के साथ संपन्न करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती फिजूलखर्ची और दिखावे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा। सादगीपूर्ण निकाह से आर्थिक बोझ कम होता है और समाज में सकारात्मक संद. ेश जाता है। कार्यक्रम में विधायक मोहम्मद फहीम इरफान मोहसिन कमाल शाहबाज पाशा रईस एडवोकेट मोहम्मद शाहिद मोहम्मद फैजी अब्दुल वाजिद मोहम्मद कासिम मुजस्सियम कमाल वारिस पाशा मोहम्मद कोशिद मोहम्मद अशरफ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट द्वारा सादगीपूर्ण निकाह कराने की पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।



# शिक्षकों की समस्याओ को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने खण्ड शिक्षाधिकारी को दिया ज्ञापन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही के नेतृत्व में खंड शिक्षाधिकारी शिवम गुप्ता के साथ बैठक कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की। शिक्षकों के एक ही पद पर निरंतर एवं 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण होने पर लगने वाले चयन वेतनमान प्रकरणों को प्रत्येक माह के अंत तक निस्तारित कर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अग्रसारित कर दिए जाए जिससे शिक्षकों को स्वीकृती उपरांत ससमय चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सके। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण/ अंत: जनपदीय स्थानांतरण के फलस्वरूप विकास क्षेत्र छजलैट में कार्यभार ग्रहण करने वाले जिन शिक्षकों की आफलाइन सेवा पुस्तिका अभी तक अप्राप्त हैं।उनकी सूची तैयार कराकर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित की जाए, जिससे इन शिक्षकों के चयन वेतनमान /अवकाश /जी पी एफ लोन संबंधी आ रही समस्याओं का निस्तारण हो सके। मानव संपदा पोर्टल पर कुछ शिक्षक /शिक्षिकाओं के विभिन्न अवकाशों (यथा चिकित्सा अवकाश,बाल्य देखभाल अवकाश/ अर्जित अवकाश आदि)का दर्ज विवरण गलत/ अपूर्ण है।जिससे शिक्षक/ शिक्षिकाएं विषम परिस्थितियों में भी अवकाश नहीं ले पा रहे हैं। अत: इस प्रकार की त्रुटियों को दूर कर अवकाशों का विवरण सही कराया जाए। एन पी एस (NPS)योजना से आच्छादित शिक्षकों की एन पी एस पासबुक तैयार कराई जाए,जिससे शिक्षकों को प्रतिमाह एन पी एस योजना के अंतर्गत आवंटित प्रान खातों में जमा धनरा. शि की जानकारी प्राप्त होती रहे।ओ पी एस (OPS)योजना के अंतर्गत आच्छादित शिक्षकों के सामान्य भविष्य निधि (GPF) खातों का संपूर्ण विवरण मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया जाए। जिससे शिक्षक प्रत्येक माह अपने वेतन विवरण की भांति सामान्य भविष्य निधि खातों का विवरण भी सुगमतापूर्वक देख सके तथा आवश्यकता अनुसार प्राप्त हो सके। सभी समस्याओं पर खंड शिक्षाधिकारी द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार विमर्श कर संबंधित को तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिये। प्रतिनिधि मंडल में दुष्यंत यादव (तहसील प्रभारी), सर्मेन्द्र कुमार सिंह, मेघराज सिंह, मौहम्मद रिजवान, भूपेंद्र यादव,गौरव चौधरी, जावेद अख्तर जुबैर अहमद, प्रभास उज्जवल, विवेक कुमार ,धर्मेंद्र सिंह, तनवीर आलम, जुल्फिकार अहमद आदि उपस्थित रहे।



## यहां सूफी संतों की कब्रगाहों को नीलाम किया जाता है: इकबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामनगर ( बदायूं )।** राष्ट्रीय परिवर्तन दल के पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने जिला अधिकारी से मांग करते हुए कहा है, कि नगर के बिसौली मार्ग स्थित शाह सदरूद्दीन रहमतुल्ला अल्लैह की दरगाह शरीफ पर 55 वां उर्स मेला 7 मई से लगने जा रहा है।

हर साल की तरह इस साल भी मेला कमेटी द्वारा दरगाह परिसर को नीलाम कर ठेकेदारों को ठेका देकर जायरीनों से चिरागी के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। जो कि यह गलत है तथा उन्होंने कहा कि जहां सूफी संतो की कब्रगाहो को मान्यता दी जाती है वही उर्स मेला कमेटी द्वारा दरगाह को नीलाम कर लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया जाता है। तथा मेला कमेटी द्वारा पार्किंग का ठेका अवैध रूप से दिया जाता है। जो कि पार्किंग बिसौली रोड की साइड पर बनाकर बाहन स्वामियों से अवैध रूप से वसूली की जाती है। तथा मेला कमेटी द्वारा हर साल की भांति इस बार भी मीना बाजार, झूलों, हलवा, पराठे, दंगल का ठेका देकर मोटी रकम वसूली जाती है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मेला कमेटी द्वारा आज तक दरगाह परिसर में कोई भी कार्य नहीं करवाया गया है तथा दरगाह परिसर में सारा कार्य नगर पंचायत प्रशासन द्वारा किया गया है। हर साल मेला कमेटी हजरत शाह सदरूद्दीन रहमतुल्ला अल्लैह की दरगाह पर उर्स मेले का आयोजन करा कर लाखों रुपये की वसूली कर हर साल नुकसान दिखाकर लाखों रुपये कमाकर चली जाती है।

## चौसरा झील की गहराई में समाए दो दोस्त

- बाजार बंदी के दिन नहाने गए थे विनीत और आशु
- 200 मीटर दूर पुलिया के पास मिले शव, परिवारों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** शुक्रवार की एक शांत शाम बीसलपुर के मोहल्ला दूबे के लिए काल बनकर आई। साप्ताहिक बाजार बंदी के चलते झील किनारे वक्त बिताने गए दो अभिन्न मित्र विनीत (40) और आशु पंडित (40)झील की तेज लहरों और गहराई की भेंट चढ़ गए। घटना के बाद से ही क्षेत्र में सन्नाटा पसरा है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे विनीत और आशु चौसरा झील की झाल पर नहाने उतरे थे। इसी बीच, पानी के तेज बहाव और गहराई का अंदाजा न होने के कारण दोनों संतुलन खो बैठे। किनारे पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें डूबते देख शोर मचाया और



बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन झील की गहराई के सामने सबकी कोशिशें नाकाम रहीं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद, घटनास्थल से 200 मीटर दूर सादिया लाडपुर पुलिया के पास दोनों के शव बरामद हुए। किनारे पर खड़ी उनकी बाइक, मोबाइल फोन और कपड़ों से उनकी शिनाख्त हुई। मोबाइल दुकान चलाने वाले विनीत अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके पीछे पत्नी पिंकी और तीन मासूम बच्चे (गुनगुन, उचित और सुचित) बेसहारा हो गए हैं। पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव आशु के परिवार में पत्नी प्रीति और दो छोटे बच्चे (अभिप्रीत और वेद) हैं।

पिता के साये के बिना अब इन बच्चों का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है। ग्रामीणों में इस हादसे को लेकर गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौसरा झील की झाल पहले भी कई जिंदगियां लील चुकी है, लेकिन खतरनाक गहराई और तेज बहाव के बावजूद यहां न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगा है और न ही सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं।

बीसलपुर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। शनिवार देर शाम जैसे ही शव घर पहुंचे, चीख–पुकार से पूरा मोहल्ला दहल उठा।

## एक नजर

### अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर और गड़ी मंदिर के नवनिर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा (लाइन पार) स्थित प्राचीन अष्टभुजा महारानी देवी मंदिर एवं निकट एलआईसी ऑफिस के पास स्थित प्राचीन गड़ी मंदिर के नवनिर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कानपुर से पधारे सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित हरिओम द्विवेदी जी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि–विधान के साथ भूमि पूजन कराया।



कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। भूमि पूजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन अग्रवाल (प्रबंधक, मंदिर कमेटी), राम बहादुर गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता (अध्यक्ष), अंशु गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, अशोक गुप्ता, सभासद डॉ. रोहित मिश्रा, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', सभासद अनुज कुमार गुप्ता, सभासद सूरज बाथम, सभासद उदित सिंह, सभासद गौरव जायसवाल, सुधांशु गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य), डॉ. सुधाकर पांडेय, रोहित गुप्ता एवं पुजारी दिनेश कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने माता रानी से पूरनपुर नगर की सुख–समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### दर्जनों युवाओं ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** दर्जनों युवाओं ने जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

युवाओं ने बताया कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही युवाओं, किसानों एवं आम जनता के हितों की सच्ची लड़ाई लड़ रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सभी नव–समाजवादियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने भी सभी युवाओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नए साथियों का फूल–मालाओं से स्वागत किया और एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### धूमधाम से मनाई बुद्ध पूर्णिमा जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** 127 विधानसभा पीलीभीत में अंबेडकर पायनियर्स सोसायटी (रजि) पीलीभीत द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पंचशील बुद्ध विहार स्थित खपरैल गौंटिया पीलीभीत का शिलान्यास व निर्माण कार्य का शुभारंभ भंते द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने गौतम के जीवन और विचारों को रखा और बताया करुणा के सागर गौतम बुद्ध ने मानव को मानव बनाने का काम किया अहिंसा का मार्ग अपनाया आदि विचार रखे। मुख्य अतिथि सतेंद्र मौर्य ने भत्ते जी को चीवर वस्त्र देने का आशीर्वाद प्राप्त किया। सतेन्द्र मौर्य ने सोसायटी के अध्यक्ष और पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया और शिलान्यास में सहयोग करने को कहा।

### मैजिक में रखें बैग से सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना बिलसंडा क्षेत्र के सुहैला आराजी तनाया निवासी सर्वेश कुमार ने एसपी के आदेश पर थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमे कहा गया कि 20 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल जा रहा था। नौगवां चौराहे के समीप से वह पूरनपुर जाने के लिए मैजिक पर बैठा।

मैजिक चालक के अलावा मैजिक पर तीन लोग अन्य बैठे हुए थे। आसाम चौराहे के पास वह गन्ने का जूस पीने के लिए बाहर निकला। उसने अपना बैग सीट के नीचे रख दिया था। बैग में सोने का हार,कान के झाले, बालचोटी, कमर बिछुआ, बच्चों की जेवरी के अलावा 10 हजार रूपये नगद रखे हुए थे। उसके बेग में रखे जेवर और नगदी को रास्ते में अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। जब उसने पूरनपुर पहुंचकर बैग देखा तो उसमे रखे जेवर गायब थे। उसने तुरंत पुलिस को शिकायती पत्र दिया। मैजिक के चालक से जानकारी करने पर उसने कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया। पुलिस ने मैजिक चालक और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक थाना सुनगढ़ी नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### भाकियू टिकैत के युवा मण्डल उपाध्यक्ष बने सौरभ यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' के युवा मण्डल अध्यक्ष बरेली मण्डल दिनेश कुमार द्वारा युवा कार्यकर्ता सौरभ यादव को युवा मण्डल उपाध्यक्ष बरेली मण्डल बरेली के पद पर नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली, खाद बीज की कमी और आवारा पशुओं से फसल नुकसान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसका जल्द समाधान जरूरी है। उन्होंने पदाधिकारियों से अनुशासन बनाए रखने और संगठन हित में कार्य करने की अपील करती हुई कहा कि संगठन के लिए काम करने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी और सभी का सम्मान सर्वोपरि रहेगी।

### राममूर्ति प्रेमशंकर बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम ने नगर के राममूर्ति प्रेमशंकर बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं को आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच बैड टच की जानकारी और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की।

शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला कांस्टेबल कृष्णा, कोमल एवं उन्नति की टीम ने नगर के राममूर्ति प्रेमशंकर बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं और महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो, स्क्वायड और बाल श्रम उन्मूलन के बारे में भी बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित बालिकाओं को 1090, 112 181 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया और आपात स्थिति में उनका उपयोग करने के तरीके समझाएं।

टीम द्वारा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

## डीएम एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पूरनपुर में सुनीं जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव द्वारा तहसील पूरनपुर पर उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। आला अधिकारियों द्वारा शिकायतों/प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। भूमि–विवाद संबंधी प्राप्त शिकायतों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर जांचोपरान्त शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शानदार 34 वर्ष का हुआ बेन– हर पब्लिक स्कूल का सफर

- धूमधाम से मनाया गया 34 वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** स्थित बेन –हर पब्लिक स्कूल की स्थापना सन् 1993 में रंजीत सैहमी और परविंदर सिंह सैहमी द्वारा की गई थी। अपने स्थापना काल से ही विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करता आ रहा है। इसी क्रम में विद्यालय का 34 वां स्थापना दिवस बड़े ही उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी, विद्यालय की प्रधानाचार्य करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग ट्रस्टी गुरदित्त सिंह सैहमी, एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा, प्राइमरी हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा, जूनियर हेडमिस्ट्रेस नेहा पांडेय, सीनियर हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा, आईटी हेड विजया जायसवाल, एग्जामिनेश इंचार्ज मीतू शर्मा, द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को



विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर अनेक आकर्षक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रथम श्रेणी में कक्षा 1 से 2 तक के विद्यार्थियों की विशेष प्रस्तुति के रूप में 90 के दशक के वेशभूषा में बॉलीवुड सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया। द्वितीय श्रेणी में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने रेट्रो थीम पर उस दौर की झलक प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तृतीय श्रेणी के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके साथ चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 'जीवन का रिपोर्ट कार्ड,' अनुशासन' 'दया' तथा 'ईमानदारी' जैसे प्रेरणादायक विषयों पर आधारित नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया, जिससे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी दिए गए। इंटर हाउस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सब–जूनियर वर्ग (कक्षा प व प्प) में अरावली हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सतपुड़ा हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। हिमालया एवं विंध्या हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। सब–जूनियर वर्ग (कक्षा प्प्प से ट) में भी अरावली हाउस ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विंध्या हाउस द्वितीय तथा सतपुड़ा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर वर्ग (कक्षा VI से VIII) समूह गायन प्रतियोगिता में अरावली हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका मन मोह लिया, वहीं हिमालया हाउस द्वितीय एवं विंध्या हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग (कक्षा प से ग्प्प) नाटक प्रतियोगिता में हिमालया हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अरावली हाउस रहा तथा तृतीय स्थान सतपुड़ा हाउस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में एंकरिंग का संचालन एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा की देखरेख में अध्यापिका नैंसी गुप्ता, मुस्कान सैनी, मंजू दुलवानी तथा विद्यार्थी कल्चरल कैप्टन मुनाजा हबीब, हेड बॉय जसराज सिंह और हेड गर्ल सानिया पटेल द्वारा आत्मविश्वास के साथ किया गया, जो पूरे आयोजन का आकर्षण केंद्र रहा।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में उनकी उत्कृष्ट तैयारी और अनुशासन साफ झलक रहा था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यार्थियों की तैयारी में अनु अग्रवाल, संस्कृति कश्यप, पूनम रानी,सुलभ आनंद,सरजीत कुमार, रैना त्रिपाठी, दीपक चौहान, गीता शर्मा, सौम्या गुप्ता, इरशाद, विक्की,साक्षी, अविरल, रश्मि सक्सैना, मोनिका अग्रवाल, शुभी, मीनाक्षी राना, शिवानी, संगीता शुक्ला, राज श्री ठाकुर आदि शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन और समर्पण ने प्रस्तुतियों को विशेष रूप से प्रभावशाली बनाया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के सहयोग से संभव हो पाया। स्थापना दिवस के इस आयोजन ने विद्यालय में उत्साह, एकता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना को और भी प्रबल किया।

## मृत गोवंश के निस्तारण में लापरवाही गांव में फैली दुर्गंध, ग्रामीणों में रोष

- उगनपुर मरौरी में कई दिनों से खेत में पड़ा है गोवंश का शव, जिम्मेदार मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के ब्लॉक बीसलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम उगनपुर मरौरी में जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ एक खेत में पिछले कई दिनों से एक मृत गोवंश का शव सड़ रहा है, लेकिन बार–बार अवगत कराए जाने के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अब तक इसे हटवाने की जहमत नहीं उठाई है।

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, उक्त गोवंश पिछले कुछ समय से घायल अवस्था में था और गांव के आसपास भटक रहा था। समय रहते उचित चिकित्सा सुविधा और उपचार न मिलने के कारण गोवंश की स्थिति बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के कई दिन बीत जाने के बाद भी शव खुले खेत में ही पड़ा हुआ है। स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि कुत्ते, कौए और चील जैसे जानवर शव को नोच रहे हैं, जिससे पूरे इलाके में तीव्र दुर्गंध फैल गई है। इससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि खेतों में काम करने वाले किसानों और राहगीरों का वहां से गुजरना दूषित हवा के कारण दूभर हो गया है। ग्रामीणों को अब क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि पशुओं के उपचार और मृत पशुओं के सुरक्षित निस्तारण को लेकर ऐसी लापरवाही यहाँ पहले भी देखी गई है। सरकार के दावों के विपरीत, धरातल पर जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली उदासीन बनी हुई है, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है। इस मामले में जब ग्राम प्रधान पिंटू से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह इस संबंध में आवश्यक कदम उठा रहे हैं और जल्द ही मृत गोवंश का विधिवत अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

## गोमती नदी के पुनरोद्धार कार्य का शहबाजपुर में किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शनिवार को विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत शहबाजपुर में गोमती नदी का पुनरोद्वार कार्य का विधि–विधान से पूजन कर कार्य की शुरूआत की। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक एवं जिलाधिकारी ने फावड़ा चलाकर नदी के पुनरोद्धार हेतु श्रमदान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि गोमती नदी पीलीभीत की पहचान है। हमें यह बताते हुये गर्व होता है कि गोमती नदी का उद्‌गम स्थल हमारे जनपद पीलीभीत में स्थित है। नदियां हमारी सभ्यता की जीवनरेखा हैं। गोमती नदी का पुनरोद्धार आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक अभियान है। इससे न केवल जल स्तर में सुधार होगा अपितु स्थानीय जैव विविधता को भी नया जीवन मिलेगा। विधायक पूरनपुर ने कहा कि गोमती नदी को नया जीवन प्रदान करना और क्षेत्र के पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करना है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से वी.वी.रामजी और अन्य योजनाओं के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त होगा। नदी की खुदाई और सफाई का कार्य को सही तरीके से कराया जाये। उन्होंने कहा कि इस स्थल का विकास कराने के लिए प्रयास करेंगें। जिलाधिकारी ने कहा कि गोमती नदी आदि गंगा के नाम से जाने जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने गोमती पर विशेष ध्यान दिया है और आने वाले में बहुत बडा पर्यटक स्थल माधोटांडा बनने जाने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गोमती नदी की जनपद की सीमा तक की लम्बाई का सर्वे कराकर जहां–जहां अतिक्रमण व गहराई कम है उसकी खुदाई कराने का कार्य किया जायेगा तथा गोमती से लगे तालाबों की खुदाई कराई जायेगी जिससे की जल स्तर सुधार हो सके। इस कार्य में जनप्रति. निधियों और लोगों का सहयोग मिल रहा है। जिससे नदी का निरन्तर जल प्रवाह हो सके।

उन्होंने कहा कि गोमती नदी के पुनर्जीवित होने से क्षेत्र के भूजल स्तर में सुधार होगा तथा किसानों को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की भी हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान व स्थानीय लोगों द्वारा सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की गई।

## आमजन की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील बिल्सी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक व समयबद्ध ढंग से करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 44 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया व शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व व भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख शिकायतों का निस्तारण करें तथा निस्तारण के समय की फोटोग्राफी भी अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना आवश्यक है, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर निरस्त राशन



कार्ड को पुनः जीवित कराने, चक रोड पर से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाइश करवाने, बंद पड़ी वृद्धावस्था पेंशन को पुन चालू करवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हए, जिनमें राजस्व विभाग की 21, पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की 07 व अन्य विभागों की 05 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिल्सी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पानी की टंकी पर चोरी का प्रयास, ऑपरेटर के पहुंचते ही भागे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब सरकारी संपत्ति भी सुरक्षित नहीं रह गई है। गांव राजटिकोली में 1 मई की रात सरकारी पानी की टंकी पर चोरी का प्रयास हुआ, लेकिन ऑपरेटर के मौके पर पहुंचने से संदिग्ध युवक भाग निकले। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद पुलिस व्यवस्था पर कोई असर नहीं दिख रहा है।

ग्राम राजटिकोली निवासी विजय सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह, जो पानी की टंकी पर ऑपरेटर हैं, ने बताया कि वह रात में खाना खाने घर गए थे। वापस लौटते समय उन्होंने टंकी के पास दो युवकों को संदिग्ध हालत में देखा, जो बाइक से कुछ सामान रख रहे थे। आवाज लगाने पर दोनों मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि टंकी के कमरे का ताला टूटा पड़ा था और दरवाजे से छेड़छाड़ की गई थी। आसपास सामान भी बिखरा मिला। पीड़ित का कहना है कि अगर वह समय पर नहीं पहुंचते तो सरकारी उपकरण चोरी हो जाते। घटना के बाद डायल 112पर सूचना दी गई, लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए कि वे खुलेआम सरकारी टंकी को निशाना बना रहे हैं। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में हाल के दिनों में दून्दपुर गांव में खेत से केबल और ट्यूबवेल स्टार्टटर चोरी, तथा बाजार में जनरेटरों से अल्टीनेटर चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही इन वारदातों के बावजूद पुलिस की गश्त और कार्रवाई पर कोई ठोस असर नजर नहीं आ रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस सिर्फ घटनाओं के बाद औपचारिकता निभाने तक सीमित है, जबकि चोर बेखौफ होकर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है।

## प्रधनमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत माताओं को मिल रहा पोषण एवं आर्थिक सहयोग

**शाह टइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद बदायूं में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ–साथ आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, संतुलित आहार एवं संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

योजना के अंतर्गत अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 13799 लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किया गया है। इन लाभार्थियों को कुल 372.16 लाख रुपए की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। यह आर्थिक सहायता गर्भवती महिलाओं को तीन चरणों में प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सहायता मिल सके। इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने वाली महिलाओं को पहली किस्त गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में पंजीकरण के बाद, दूसरी किस्त प्रसव पूर्व जांच एवं टीकाकरण के उपरांत तथा तीसरी किस्त बच्चे के जन्म के बाद आवश्यक टीकाकरण पूर्ण होने पर प्रदान की जाती है। इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि वे नियमित स्वास्थ्य जांच एवं सरक. ारी स्वास्थ्य सेवाओं से भी जुड़ती हैं। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर पात्र महिलाओं को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। योजना महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान से जुड़ी हैं।

## भैंस के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल

- जिला अस्पताल रेफर डॉक्टर की टीम ने महिला को किया मृत्यु घोषित

**शाह टइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** मोहल्ला मोहि. उद्दीनपुर में शनिवार सुबह एक पालतू भैंस ने अपनी ही मालकिन पर जानलेवा हमला कर दिया। चारे के दौरान हुए इस अचानक हमले में महिला बुरी तरह लहूलुहान हो गई शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बमुश्किल महिला की जान बचाई प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला



अस्पताल रेफर कर दिया है जहां उसे मृत्यु घोषित किया मोहि. उद्दीनपुर निवासी ओमवती शनिवार सुबह करीब सात बजे रोज की तरह अपनी भैंस को चारा डाल रही थीं इसी दौरान भैंस अचानक हिंसक हो गई और खूंटे से बंधी रस्सी को तोड़कर उन पर हमला बोल दिया प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भैंस ने ओमवती को अपने सींगों पर उठाकर हवा में उछाला और जमीन पर पटक दिया। महिला की चीख–पुकार सुनकर आस–पास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे भैंस के आक्रामक रुख को देखते हुए लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद उसे काबू किया और महिला को उसके चंगुल से छुड़ाया इस हमले में ओमवती के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं परिजन आनन–फानन में उन्हें निजी वाहन से स्थानीय अस्पताल ले गए, जहाँ प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि चोटें काफी गहरी हैं बेहतर इलाज और जान के खतरे को देखते हुए उन्हें तत्काल जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत का माहौल है।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, टोल प्लाजा कर्मी की मौत

## अतरासी-हसनपुर मार्ग पर हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क हादसे में टोल प्लाजा कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार रात अतरासी-हसनपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टोल कर्मी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।




थाना क्षेत्र के गांव जमापुर में किसान रामपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका दो बेटों में छोटा 35 वर्षीय बेटा नारंगपुर स्थित टोल प्लाजा पर नौकरी करता था। उसके परिवार में पत्नी दीपा के अलावा एक बेटा काव्यांश है। अरुण कुमार नारंगपुर स्थित टोल प्लाजा पर नौकरी करता था। शुक्रवार रात वह किसी काम से दौलतपुर गया था, वहां से रात 9 बजे बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक अतरासी-हसनपुर मार्ग एचपी गैस एजेंसी के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल अरुण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। शव से लिपट बिलखकर रोने लगे, वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सदर अभिषेक कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परि. जनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अरुण कुमार की मौत पर सावित्री देवी व पत्नी दीपा का रोता बिलखते बुरा हाल है।

# सम्पत्ति विवाद में चार घंटे रखा रहा पिता का जनाजा

## सलारपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना, पिता के जनाजे पर भिड़े बेटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र के सलारपुर माफी गांव में एक ऐसा दिल दहला देने वाला मंजर देखने को मिला, जहां पिता का जनाजा घर में रखा था और कब्रिस्तान में उसकी कब्र तैयार हो रही थी, लेकिन इसी बीच बेटों के बीच जमीन को लेकर ऐसा विवाद खड़ा हो गया कि दफन की प्रक्रिया तक रोक दी गई। करीब चार घंटे तक पिता की आखिरी विदाई भी जमीन के बंटवारे की भेंट चढ़ी रही।



रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर माफी गांव की है। यहां पर शफीक अहमद का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी जाफरी, बड़ा बेटा आसिफ, छोटा बेटा राशिद और दो बेटियां हैं। शफीक अहमद पिछले कई सालों से बीमार थे। उनकी देखभाल छोटा बेटा राशिद कर रहा था। इसी दौरान उन्होंने अपनी कुल साढ़े छह बीघा कृषि भूमि में से चार बीघा जमीन दो महीना पहले अपने छोटे बेटे राशिद के नाम वसीयत कर दी थी। इस बात को लेकर दोनों भाईयों में विवाद चल रहा था। बीमारी बढ़ने पर 22 अप्रैल को राशिद ने अपने पिता को ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां शनिवार सुबह सवेरे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुबह करीब आठ बजे राशिद पिता का शव लेकर गांव पहुंचा और उन्हें गांव के कब्रिस्तान में दफन की तैयारी शुरू कर दी। गांव के लोग कब्रिस्तान में कब्र की खोदाई कर रहे थे। इसी बीच बड़ा बेटा आसिफ वहां पहुंच गया और उसने जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद खड़ा करते हुए कब्र खोदने का काम रुकवा दिया। उसके इस कदम से गांव से लेकर रिश्तेदारों तक हड़कंप मच गया। मृतक के घर से लेकर कब्रिस्तान तक लोगों की भीड़ जमा हो गई। बड़ा बेटा आसिफ पिता के नाम की जमीन से बराबर का हिस्सा देने की जिद पर अड़ गया। इस पर छोटे बेटे राशिद ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान हरि सिंह, ग्रामीणों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों पक्षों को समझाया। लगभग चार घंटा चली पंचायत में तय हुआ कि कुल जमीन में से मां समेत दोनों बेटे के बीच तिहाई बंटवारा किया जाएगा। समझौते के बाद करीब चार घंटे बाद शफीक अहमद का सुपुर्देखाक किया गया।

### मजदूर के घर आग से लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव खुर्तिया निवासी राजू पुत्र बाबू सिंह का परिवार रोजी-रोटी की तलाश में नोएडा मजदूरी करने गया हुआ था, लेकिन पीछे उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गई। जब तक किसी को भनक लगती, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते झोपड़ी में रखा पूरा सामानअनाज, चारपाई, रजाई-गद्दे, बेड, कुर्सियां, संदूक में रखे कपड़े और कच्चा राशनख़सब कुछ आग की भेंट चढ़ गया। आसपास के लोगों ने धुआं उठता देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। अब पीड़ित परिवार प्रशासन से सहायता की उम्मीद लगाए बैठा है।

# मृतक चाचा का बेटा बनकर जमीन हड़पने की साजिश

## पुश्तैनी जमीन के लिए फर्जीवाड़ा, चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा देहात क्षेत्र के जलालपुर घना गांव में पुश्तैनी संपत्ति को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां वर्षों पुराने बंटवारे को बदलने के लिए कूटरचित दस्तावेजों का सहारा लेने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर घना निवासी विजय कुमार कौशिक की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनके दादा स्व.श्रीराम की साल 1972 में मृत्य हो गई थी। उनके तीन बेटे स्व. ठाकुरदास, स्व. लीलाधर व स्व.हर स्वरूप थे। स्व. ठाकुरदास के कोई संतान नहीं थी उनकी मृत्यु दादा श्रीराम की मृत्य से आठ साल पहले हो गई थी। लिहा. जा, परिजनों ने आपसी सहमति से स्व.लीलाधर व हरस्वरूप कौशिक के बीच संपत्ति का आधा-आधा बंटवारा करा दिया था। उनका आरा. ेप है कि जालसाजी के तहत स्व. हरस्वरूप के बेटे अनिल कुमार ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करते हुए वोटर लिस्ट, खतौनी, आधार कार्ड व अन्य राजस्व रिकॉर्ड में खुद को स्व.ठाकुरदास का बेटा दर्शा दिया जबकि उसके शैक्षिक प्रमाण पत्रों में पिता का नाम स्व.हरस्वरूप ही दर्ज है। इसके बाद उसने मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव नौशना निवासी मोहम्मद हसीब तथा मुरादाबाद जिले के ही दूसरे गांव इमारतपुर उधव निवासी गुलाम मुस्तफा की गवाही के आधार पर कैलसा बॉर्डर निवासी कविता दत्त को कृषि भूमि का एग्रीमेंट कर दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूरे प्रकरण की जा रही है, साक्ष्य जुटाते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल व नशाखोरी से दूर रहें युवाः अफ्फान

## जमियत की ओर से इस्लाहे मुआशरा कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इस्लाह-ए-मुआशरा इजलास में उलेमा ने समाज सुधार, बेहतर तर्बियत और युवाओं को नशाखोरी व मोबाइल की लत से बचाने पर विशेष जोर दिया। शहर के मोहल्ला घेर मुनाफ स्थित मस्जिद में जमीयत उलेमा अमरोहा की इस्लाह-ए-मुआशरा कमेटी के तत्वावधान में इजलास-ए-आम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सदारत मुफ्ती हमजा ने की, जबकि निजामत कारी मोहम्मद हनीफ ने की। इजलास को संबोधित करते हुए मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी ने समाज में बढ़ती बुराइयों पर चिंता जताई और लोगों से इस्लामी शिक्षाओं पर चलने की अपील की। उन्होंने खास तौर पर युवाओं को नशाखोरी और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूर रहने की नसीहत देते हुए इसे समाज के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सही तर्बियत माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और बेटियों को बेहतर इस्लामी माहौल देना जरूरी है, ताकि वे भटकाव से बच सकें। साथ ही निकाह को आसान बनाने और फिजूलखर्ची से बचने पर भी जोर दिया। अन्य उलेमा ने नमाज की पाबंदी, अच्छे अखलाक और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, स दौरान मुफ्ती फकरुद्दीन, अली इमाम रिजवी एडवोकेट, हाजी शबीह अहमद, अनवर उद्दीन फरीदी, आसिफ मुस्तफा, कामिल सिद्दीकी, निहाल अब्बास, सरवर आलम, हुमायु परवेज, मास्टर अनीस, सूफी नईम, हाफिज उमैर, आसिफ अली, शाहरुख पठान, इमदाद खान समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

### चार फ्रिज समेत अन्य सामान स्वाह, शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा

# कंफेक्शनरी दुकान में आग से लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के शेरपुर चुंगी मार्ग स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान में शनिवार तड़के भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना पर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों और डायल 112 पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार शेरपुर चुंगी मार्ग पर अशोक सैनी की कन्फेक्शनरी की दुकान है। सुबह टहलने निकले मोहल्ले के लोगों ने दुकान से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने तुरंत दुकान स्वामी और आसपास के दुकानदारों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। काफी प्रयास के बाद जब दुकान का शटर खोला गया तो अंदर आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार उठ रहा था। डायल 112 पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी अशोक सैनी ने बताया कि दुकान में रखे चार फ्रिज समेत लाखों रुपये का अन्य सामान आग की चपेट में आ गया। आग लगने से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि लोग शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जता रहे हैं।



# स्मार्ट मीटरों के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

## बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील परिसर में उस समय माहौल गरमा गया जब बिजली विभाग के स्मार्ट मीटरों के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जोरदार प्रदर्शन किया।

नगर के मोहल्ला काला की प्रदर्शनकारी महिलाओं का सीधा आरोप है कि जब से ये नये स्मार्ट मीटर लगे हैं। उनके घरों के बिजली बिलों में श्आगश लग गई है। महिलाओं ने तीखे लहजे में कहा कि बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गई है। जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। गुस्सा सिर्फ भारी बिलों तक सीमित नहीं है। महिलाओं ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिल जमा करने में जरा सी भी देरी होते ही, बिना किसी पूर्व सूचना के कनेक्शन काट दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अगर इन मीटरों को जल्द नहीं हटाया गया। तो हमारा प्रदर्शन और उग्र होगा। हम इन मीटरों को उखाड़कर फेंकने में भी पीछे नहीं हटेंगे। हंगामे की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश प्रसाद महिलाओं के बीच पहुंच गये। महिलाओं के तीखे सवालों और गुस्से को देखते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि मीटरों की तकनीकी खामियों की जांच कराई जायेगी। और जो भी गड़बड़ी है। उसे तुरंत दूर किया जायेगा। ध्अब देखना यह है कि साहब का आश्वा. सन सिर्फ श्झुनझुनाश है या वाकई बिजली के झटकों से जनता को राहत मिलेगी। इस अवसर पर विजयवती, गुड्डी, मीनाक्षी, किरण, संतोष, गीता, प्रेमलता, उषा, प्रीति, पार्वती, सुनीता, अंजू मौजूद रही।



# हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

## हाइवे पर 11 दिन पहले हुआ था हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर 11 दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती कराकर परिजन उपचार करा रहे थे लेकिन गंभीर चोटें होने के कारण बचाया नहीं जा सका। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। बेटे की तहरीर के आधार पुलिस ने मामले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर गांव चौधरपुर स्थित सीएल गुप्ता फैक्ट्री के सामने हादसा 19 अप्रैल की रात लगभग 8 बजे हुआ था। मुरादाबाद जिले के मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार निवासी बाइक पर सवार होकर गजरौला से मुरादाबाद लौट रहे थे। गलत दिशा से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में पन्ना लाल सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए थे जबकि हादसा अंजाम देने वाला चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया था। सूचना पर पहुंचे परिजन बेहतर उपचार के लिए पन्ना लाल सैनी को मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए थे, जहां बीती 30 अप्रैल को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सीओ सदर अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक के बेटे गौरव सैनी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जंगल में सज रही किस्मत की मंडी

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली इलाके के एक गांव से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। कोतवाली इलाके के हथियाखेड़ा गांव के पास के जंगलों में इन दिनों हार-जीत का गंदा खेल धड़ल्ले से चल रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने इलाके में सनसनी फैला दी है। जिसमें जुआरी बिना किसी खौफ के खुलेआम दांव लगाते नजर आ रहे हैं।

जैसे ही यह वीडियो इंटरनेट पर आग की तरह फैला तो खलबली मच गई। लोगों का कहना है कि जंगल में जुएं का अड्डा चलने के कारण युवा पीढ़ी बर्बादी की राह पर है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के कई गांव में बड़े लंबे समय से जुएं के अड्डे चलते चले आ रहे है। हालांकि प्रशासन जब कभी सख्त होता है तो जुएं के अड्डे का संचालन करने वाले माफिया एक स्थान बदलकर दूसरे स्थान पर इस गोरख धंधे को शुरू करवा लेते हैं। देखना होगा कि जिस तरह से सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हो रहा है उसमें प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो कोतवाली हसनपुर के गांव हथिया खेड़ा का बताया जा रहा है। मामला पुलिस के संज्ञान में है।

# मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर गरजे शिक्षक

## लम्बित मांगों को जल्द पूरा किया जाये



**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने लंबित मांगों के समाधान की मांग को डीआईओएस कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अमरोहा के तत्वावधान में शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश स्तर पर सभी जनपदों में एक साथ शिक्षकों की मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में चयन बोर्ड की धारा 18 व 21 की बहाली, पुरानी पेंशन लागू करने, वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने, तदर्थ व व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण सहित कई मांगें शामिल हैं। जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह ढिल्लों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनका समाधान आवश्यक है। वहीं जिला महामंत्री बालकराम ने स्थानीय समस्याओं का उल्लेख करते हुए एनपीएस की धनराशि का समायोजन, एरियर भुगतान और अन्य लंबित मामलों के निस्तारण की मांग उठाई। धरने में डा. जीपी सिंह, दानिश हबीब खान, आसिम अब्बासी, चारु शर्मा, आनंद कुमार, डॉ. नरेश कुमार, शैलेश पंकज, पंजेश कुमार, डॉ. प्रतिभा यादव, शमशेर सिंह, संदीप कुमार, नोबहार सिंह, मेहबूब आलम, सचिन गंधर्व, सुनीता सिंह, सिद्धार्थ पांडेय आदि मौजूद रहे।

### बेटे के सालों ने रिक्शा चालक का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बेटे के सालों ने रिक्शा चालक के सर में ईट मार कर उसे फोड़ दिया। पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए घायल को भेजा है। नगर के मोहल्ला मुबारकपुर कला निवासी रईस पुत्र निसार रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। शनिवार की शाम रईस के पुत्र के सालो माजिद व शारिक निवासी नई कॉलोनी संभल गजरौला बाईपास मार्ग ने घर पर आकर उन्हें गालियां देनी शुरू कर दी। रईस ने जब विरोध किया तो आरोप है कि दोनों भाइयों ने उनके सर में ईट मारकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। रईस का कहना है कि उसने अपने पुत्र की शादी इन दोनों की बहन से 3 साल पहले की थी। उसने दहेज में भी कुछ नहीं लिया था। अब आरोपियों की बहन उससे घर खाली करवाने के लिए दबाव बना रही है। घायल कोतवाली पहुंचा तथा पुलिस को आरोपियो के खिलाफ तहरीर दी।

### मदरसे में पढ़ने गया छात्र लापता



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मदरसे पढ़ने गया छात्र एक सप्ताह से गायब है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है। कोतवाली इलाके के गांव काला खेड़ा निवासी मोहम्मद उमर का 12 वर्षीय पुत्र शाकिर 25 अप्रैल को गांव में मदरसे में पढ़ने के लिए गया था। जब वह शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने मदरसे जाकर पता किया तो वहा बताया गया कि उनका पुत्र पढ़ने आया ही नहीं है। परेशान बाप ने बेटे को तमाम रिश्तेदारियो व आसपास में तलाश किया। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। मोहम्मद उमर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पुत्र को बरामद करने की मांग की है।

# पानी में खेलते-कूदते बच्चों किया मनोरंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में छोटे बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने पानी में खेलते हुए जमकर आनंद उठाया। स्कूल परिसर में बनाए गए विशेष पूल एरिया में बच्चों के लिए कई मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कृत्रिम मछलियां पकड़ने, पानी में दौड़ लगाने, गेंद पकड़ने और संगीत की धुन पर डांस जैसी गतिविधियों का आनंद लिया। रंग-बिरंगे स्विमिंग ड्रेस और गॉगल्स पहनकर पहुंचे बच्चे बेहद खुश नजर आए। बच्चों

### ब्लू बर्ड्स में पूल पार्टी आयोजित

की हंसी और उत्साह से पूरा परिसर गुलजार रहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। शिक्षिकाएं और स्टाफ पूरे समय बच्चों के साथ मौजूद रहे और हर गति. विधि पर नजर रखी गई। बच्चों को पानी में सुरक्षित तरीके से खेलने और अनुशासन बनाए रखने के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियां बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होती हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और आपसी मेलजोल की भावना भी मजबूत होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समन्वयक, शिक्षिकाओं और स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के लिए इस प्रकार के आयोजन यादगार साबित होते हैं।



### मुंबई में डा. यतीन्द्र की पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार की नई पुस्तक "रग रग में राम" का रविवार को मुंबई में भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम नरीमन प्वाइंट स्थित एस.बी. चाव्हाण ऑडिटोरियम में महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुआ। पुस्तक का विमोचन भरतनाट्यम नृत्यांगना संध्या पोरछा, फिल्म निर्माता अजीत डोभालकर और लेखिका डॉ. वैदेही तामण ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान डॉ. कटारिया ने कहा कि साहित्य समाज और संस्कृति के संवर्धन का माध्यम है। कार्यक्रम में गायिका उषा मंगेशकर, गायक हरिहरन और अभिनेत्री पूजा बेदी भी मौजूद रहीं। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने कहा कि साहित्य और संस्कृति समाज कल्याण का महत्वपूर्ण आधार हैं।

# चेन्नई ने मुम्बई को 159 पर रोका

### नमन धीर ने शानदारफिफ्टी लगाई, अंशुल कम्बोज ने हासिल किए मुंबई के 3 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ 160 रन का टारगेट सेट किया है। चेपाक स्टेडियम में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंडड्या ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर के बाद 7 विकेट पर 159 रन बना लिए हैं। नमन धीर ने 37 बाल पर 57 रन की पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रायन रिकेल्टन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से अंशुल कम्बोज ने 3 विकेट झटके। नूर अहमद को 2 विकेट मिले। रामख्रष्ण घोष और जैमी ओवर्टन को एक-एक विकेट मिला। 20वें ओवर से 13 रन आए। अंशुल कम्बोज के ओवर में जैमी ओवर्टन ने छक्का लगाया। इससे पहले अंशुल ने हार्दिक पंड्या (18 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। हार्दिक पंड्या और कृष भगत की जोड़ी 19वें ओवर में महज 4 रन ही बना सकी। जैमी ओवर्टन ने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। 18वें ओवर की दूसरी बाल पर राबिन मिंज (5 रन) अंशुल कम्बोज की बाल पर बोल्ड हो गए। अंशुल को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने विल जैक्स (एक रन) को भी आउट किया। 17वें ओवर की 5वीं बाल पर मुंबई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 57 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने सरफराज खान के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर की 5वीं बाल पर तिलक वर्मा (5 रन) को नूर अहमद ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड के हाथों कैच कराया। नूर को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने रायन रिकेल्टन (37 रन) को भी पवेलियन भेजा। 12वें ओवर की पहली बाल पर शिवम दुबे से तिलक वर्मा का कैच ड्राप हो गया। कवर पर 33 यार्ड सर्कल के किनारे खड़े दुबे थोड़ा धीमे रहे। उन्हें आगे दौड़कर डाइव लगानी पड़ी और गेंद उनके हाथों में आधी वाली की तरह आकर लगी। शिवम ने दूसरा कैच ड्राप किया है। उन्होंने 7वें ओवर में नमन धीर का कैच भी ड्राप किया था। 11वें ओवर की चौथी बाल पर डेब्यू मैच खेल रहे रामख्रष्ण घोष ने सूर्यकुमार यादव (21 रन) को डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 11वें ओवर में नमन धीर ने डेब्यू मैच खेल रहे रामकृष्ण घोष की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने शुरुआती दो बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 10वें ओवर में सूर्यकुमार यादव ने नूर अहमद की बाल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। उन्होंने दूसरी बाल पर चौका और तीसरी बाल पर छक्का लगाया।



मुम्बई इंडियंस के नमन धीर अपना जुझारू अर्द्धशतक पूरा करने के बाद दर्शको का अभिवादन करते।

## बुमराह व सूर्यकुमार मैच विजेता हैं, जल्दी करेंगे वापसी: जयवर्द्धने

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्दने का मानना है कि जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव मैच विजेता खिलाड़ी है और ए जल्द ही वापसी करेंगे। शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुम्बई इंडियंस के मैच से पहले प्रमुख कोच महेला जयवर्दने ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही।

जयवर्दने ने कहा कि वे दोनों मैच विजेता हैं और साथ-साथ इंसान भी हैं। वे ऐसे दौर से गुजरेंगे और उनके व्यक्तित्व की खासियत यह है कि वे वापसी करेंगे और लड़ेंगे। इसलिए हमारी बातचीत यही रहती है कि वे खुद पर ज्यादा दबाव न डालें। हम बस यही कहते हैं कि ऐसी चीजें होती हैं, हमें कोशिश जारी रखनी है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे स्वयं के प्रति बहुत ईमानदार हैं और जिस तरह वे कड़ा अभ्यास करते हैं, उनका वर्क एथिक शानदार है। इसलिए हम बस लगातार आगे बढ़ रहे हैं। यही चीज कई सालों से उनके लिए काम करती आई है और यही उनकी सफलता की वजह है। कभी-कभी नतीजे वैसे नहीं आते, जैसा वे चाहते हैं। अगर हमने बीच में कुछ मैच और जीते होते, तो हम अब भी वहां होते, जहां हमें होना चाहिए था। हमारा आत्मविश्वास भी ऊंचा होता और बाकी चीजें भी बेहतर होतीं। इसलिए अब हमारे लिए हर मैच लगभग प्लेऑफ जैसा है। ए खिलाड़ी इतने प्रोफेशनल हैं कि वे इसे समझते हैं और अब और भी अधिक लड़ने के लिए तैयार होंगे। एक कोच के तौर पर मैं उनसे बस इतना ही मांग सकता हूं।

**खेल विशेष**

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जैमीसन को चेतावनी

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज काइल जैमीसन को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच नंबर 43 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए एक डिमेरिट पॉइंट मिला है और उन्हें चेतावनी दी गई है। जैमीसन को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसी भााा, हरकतें या हाव-भाव इस्तेमाल करने से संबंधित है, जो किसी दूसरे खिलाड़ी का अपमान करते हों या उससे कोई आक्रामक प्रतिक्रिया भड़का सकते हों। यह घटना पहली पारी के दूसरे ओवर में हुई, जब वैभव सूर्यवंशी को आउट करने के बाद, जैमीसन उनके बहुत करीब आ गए और आक्रामक तरीके से पेश आए।

### इंग्लिस 4 मई के मैच से पहले जुड़ेंगे टीम से

**लखनऊ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई जॉश इंग्लिस मुंबई आ गए है और चार मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लिस ने निजी कारणों से इस सीजन में सीमित उपलब्धता का हवाला देते हुए पंजाब किंग्स से रिटेंशन लेने से मना करके विवाद खड़ा कर दिया था। इस फैसले पर पंजाब किंग्स के मालिकों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी को अनप्रोफेशनल कहा था। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 8.6 करोड़ में खरीदा था। इंग्लिस ऐसे समय लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ जुड रहे जब उनकी टीम आठ मैचों में से दो जीत के साथ टेबल में सबसे नीचे संर्घा कर रही है। इंग्लिस के आने से लखनऊ सुपर जायंट्स को मुम्बई के खिलाफ मुकाबले में मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### स्पेन वर्ल्ड कप वार्म-अप मैच में इराक से खेलेगा

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेन फुटबॉल फेडरेशन ने घोाणा की है कि स्पेन वर्ल्ड कप फाइनल से पहले एक और वार्म-अप मैच खेलेगा, और इस बात की पुटि की है कि यह एक फ्रेंडली मैच इराक के खिलाफ होगा। यह मैच 4 जून को डेपोर्टिवो ला कोरुना के रियाजोर स्टेडियम में खेला जाएगा। मेक्सिको जाने से पहले स्पेन का यह आखिरी मैच होगा, मेक्सिको में वे पुएब्ला में होने वाले एक और तैयारी मैच में पेरू का सामना करेंगे। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन इस गर्मी में होने वाले वर्ल्ड कप में पसंदीदा टीमों में से एक के तौर पर उतर रहा है। हालांकि, मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते को चोटों से जुड़ी कई चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वे 24 मई को ला लीगा सीजन खत्म होने के बाद अपनी टीम की घोाणा करने की तैयारी कर रहे हैं। बार्सिलोना के फॉरवर्ड लामिन यामल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाकी घरेलू सीजन से बाहर हो गए हैं।

## राहुल ने आरआर के खिलाफ 75 रन बनाकर किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**जयपुर, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के धाकड़ बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 75 रनों की पारी खेल कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इस सीजन में तीन बार सिगल डिजिट किए हैं और एक बार 18 रन बनाए। लेकिन अपनी शो पांच पारियों में 92, 57, 37, नाबाद 152 और शुक्रवार को आआर के खिलाफ 75 रन बनाए। इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल रन 433 हो गए हैं और वह रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए हैं।



आरआर के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 400 7 रन उनसे आगे निकल सकते थे लेकिन वह मात्र चार रन बना सके और अब चौथे स्थान पर हैं। उनके और राहुल के बीच सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज अभिोक शर्मा (425 रन) और हाइनरिक क्लासन (414 रन) मौजूद हैं।

इस मामले में यशस्वी जायसवाल 312 रनों के साथ दसवें स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली, गुजरात टाइटंस (जीटी) के शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन, एसआरएच के इशान किशन, और पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह शीर्ा दस की सूची के अन्य बल्लेबाजों में शामिल हैं।

## पंजाब टॉप स्पॉट पर अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से उतरेगा

**अहमदाबाद, वाता।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है, जहां अब बड़े से बड़े टारगेट भी उन्हें रोकने के लिए काफी नहीं लगते। रविवार रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का सामना करने की तैयारी करते हुए, पंजाब किंग्स टूर्नामेंट की सबसे निडर चेज करने वाली टीम के तौर पर अपनी साख बनाए हुए है,

एक ऐसी टीम जो 220 से ज्यादा के स्कोर को भी आसानी से चेज करने लायक बना सकती है। यह साख सिर्फ हवा-हवाई बातों से नहीं बनी है। इसे लगातार बेहत. रीन बैटिंग परफॉर्मेंस से बनाया गया है, जिसकी सबसे बड़ी मिसाल इस सीजन की शुरुआत में



दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब का 265 रनों का रिकॉर्ड-तोड़ चेज है। एक ऐसे फॉर्मेट में जहां कभी 200 रनों के स्कोर को छूना भी नामुमकिन माना जाता था, पंजाब किंग्स ने 'स्कोरबोर्ड प्रेशर' की परिभाा ही बदल दी है। उनकी बैटिंग की सोच ने पूरी लीग में मैचों का रुख ही बदल दिया है। अब विरोधी टीमें बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद जश्न नहीं मनातीं। इसके बजाय, गेंदबाजी करने वाली टीमें दूसरी पारी में इस बात से पूरी तरह वाकिफ होकर उतरती हैं कि पंजाब का एक जोरदार पावरप्ले मैच का समीकरण पल भर में बदल सकता है। पंजाब के इस अभियान में उनका यही आत्मविश्वास साफ झलकता है। वे आठ मैचों में छह जीत और एक 'नो-रिजल्ट' के साथ पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर आराम से बैठे हैं, और उनकी ज्यादातर जीतें चेज करते हुए ही मिली हैं। इनमें से कई जीतें तो मैच खत्म होने से काफी ओवर पहले ही हासिल कर ली गईं, जो इस बात का सबूत है कि वे कितनी तेज रफ्तार से रन बना रहे हैं। प्रभसिमरन सिंह इस आक्रामक अंदाज का चेहरा बन गए हैं।

## SRH की धाकड़ बल्लेबाजी के सामने केकेआर अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग का नया इम्तिहान तब होगा, जब वे रविवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2026 के दिन के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की मेजबानी करेंगे। इस मैच में सबकी नजर इस बात पर होगी कि क्या केकेआर टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट को रोक पाएगी।

एसआरएच लगातार पांच मैच जीतकर जबरदस्त लय में है। यह उनके शुरुआती लड़खड़ाते प्रदर्शन के बाद एक शानदार वापसी है, जिसमें उन्होंने अपने शुरुआती चार में से तीन मैच गंवा दिए थे। तब से हैदराबाद की यह फ्रेंचाइजी आईपीएल की सबसे खौफनाक



बैटिंग टीम बन गई है, जो टॉप ऑर्डर में लगातार आक्रामक खेल और मिडिल ऑर्डर में गहराई के दम पर अपने विरोधियों पर हावी हो रही है। उनकी ताजा मिसाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ देखने को मिली, जब उन्होंने सिर्फ 18.4 ओवर में 244 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने इस बढ़ती धारणा को और मजबूत किया है कि एसआरएच नियमित रूप से रिकॉर्ड तोड़ने वाले स्कोर बनाने में सक्षम है। उनके हालिया पावरप्ले के आंकड़े इस दबदबे को साफ दिखाते हैं, पिछले तीन मैचों में बिना कोई विकेट गंवाए 92 रन, एक विकेट पर 89 रन और बिना कोई विकेट गंवाए 67 रन। ट्रैविस हेड और अभिोक शर्मा इस बदलाव के पीछे की मुख्य ताकत बन गए हैं। हेड ने पिछले मैच में 30 गेंदों पर ताबड़तोड़ 76 रन बनाकर अपनी पुरानी लय हासिल कर ली, जबकि अभिोक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 425 रन बनाकर इस सीजन के सबसे बेहत. रीन बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। यह आक्रामकता यहीं खत्म नहीं होती। हेनरिक क्लासेन ने पारी को संभालने और उसे मजबूती से खत्म करने का सिलसिला जारी रखा है।

## लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने के लिए जडेजा को फरेरा से ऊपर भेजा गया: पराग

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आर) के कप्तान रियान पराग ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन बनाने और साथ ही फिनिशर्स के लिए आधार तैयार करने के लिए रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। शुक्रवार रात खेले गए इस मुक. ाबले में रवींद्र जडेजा को डोनोवन फरेरा से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजने जाने के सवाल पर पराग ने कहा कि असल में लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन भी एक वजह थी।

करीब आठ-नौ ओवर बचे थे और हम फरेरा की एंट्री थोड़ी देर से कराना चाहते थे। हम स्पिनर्स के खिलाफ लगभग आठ-नौ रन प्रति ओवर लेते रहना चाहते थे, फिर जैसे ही तेज गेंदबाज, गेंदबाज करने आते, पहली गेंद से हमला



करना चाहते थे। हमारी यही योजना थी।

जब 12वें ओवर में ध्रुव जुरेल आउट हुए, आरआर का स्कोर तीन विकेट पर 114 रन था। जाडेजा ने 14 गेंदों में 20 रन की पारी खेली और पराग के साथ 53 रन की साझेदारी बनाई। इसके बाद फरेरा की 14 गेंदों में 47 रन की तेज पारी ने आखिरी पांच ओवरों में टीम को 78 रन जोड़ने में मदद की और आआर का स्कोर 225 रन पहंच गया। अन्य सवाल पर पराग ने कहा कि मुझे लगता है कि यह अच्छा स्कोर था। सच कहूं तो मुझे लगा 200 के आसपास पार स्कोर था। विकेट थोड़ा धीमा होने वाला था।

## युवा सनसनी इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में शनिवार को हुई पहली टी-20 मुंबई महिला लीग नीलामी में टीनएजर इरा जाधव सबसे महंगी खिलाड़ी के तौर पर उभरीं। उन्हें आकाश टाइगर्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके साथ ही मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शहर में महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत की। नीलामी में टीमों के बीच जोरदार बोली लगी, क्योंकि फेंचाइजियों ने आने वाले पहले सीजन के लिए अपनी टीमें तय कीं।

कुल 363 खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें टीमों ने युवा खिलाड़ियों और घरेलू क्रिकेट के अनुभवी खिलाड़ियों के सही तालमेल पर जोर दिया। फ्रेंच. इजियों ने नीलामी में कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए और 50 खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इरा, जिन्होंने पिछले साल अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर सबका ध्यान खींचा था, इस नीलामी की सबसे खास खिलाड़ी रहीं। इससे यह भी पता चलता है कि यह लीग उभरती हुई प्रतिभाओं को एक मंच देने पर कितना जोर दे रही है। इससे पहले, एमसीए ने 'आइकन प्लेयर्स' के नामों की घोाणा की थी। इनमें सायली सतघरे (सोबो मुंबई फाल्कन्स), साइमा ठाकुर (ठाणे स्काई राइजर्स) और हुमैरा काजी (आकाश टाइगर्स) अपनी-अपनी टीमों की मुख्य खिलाड़ी बनीं। अन्य अहम खिलाड़ियों में, भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की उप-कप्तान सानिका चालके को आकाश टाइगर्स ने 5-50 लाख रुपये में खरीदा। ठाणे स्काई राइजर्स ने व द्धााली भगत (6 लाख), खुशी भाटिया (4.50 लाख) और जील डीमेलो (4.50 लाख) जैसी अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। वहीं, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने सिमरन शेख (7 लाख), हर्ली गाला (5 लाख) और रिया चौधरी (5.50 लाख) जैसी खिलाड़ियों के साथ एक मजबूत टीम तैयार की। आकाश टाइगर्स ने फातिमा जाफर (4.25 लाख), मिताली म्हात्रे (2.75 लाख) और जिया मंद्रावड़कर (1.50 लाख) को टीम में शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत बनाया। टी-20 मुंबई महिला लीग का मकसद शहर में महिला क्रिकेट के ढांचे को मजबूत बनाना है।

## मैड्रिड ओपन के ब्लॉकबस्टर फाइनल में सिनर से भिड़ेंगे ज्वेरेव

**मैड्रिड, वार्ता।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर के साथ एक और बड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं। जर्मन खिलाड़ी ने शुक्रवार रात 21 साल के बेल्जियम के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ब्लॉक्स के खिलाफ 6-2, 7-5 से शांत और संयमित जीत के साथ मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, और इस टूर्नामेंट में अपने शानदार रिकॉर्ड को बनाए रखा।

स्पेन की राजधानी में अपनी 30वीं जीत के साथ, ज्वेरेव रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बाद तीसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जो मैड्रिड में चार बार फाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा कि मैं फाइनल में पहुंचकर



बहुत खुश हूं। बहुत सारे कड़े मुक. ाबले हुए, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में। मैं जानिक के साथ फिर से खेलने का इंतजार कर रहा हूं और एक कड़े मैच की उम्मीद कर रहा हूं। रविवार को जो बेहतर खेलेगा, वही जीतेगा। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने क्वार्टर-फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को सिर्फ पांच गेम गंवाकर हराया था और उसी लय को अपने अगले मुकाबले में भी जारी रखा। यह मुकाबला पहली बार मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे ब्लॉक्स के साथ था, जिन्होंने अप्रैल से पहले टूर-स्तर पर क्ले-कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता था।

शुरुआत से ही, ज्वेरेव ने अपना दबदबा बना लिया। दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने जोश भरे माहौल में ब्लॉक्स के खिलाफ जोरदार शॉट लगाए, और साथ ही लंबे समय तक चलने वाली रैलियों में भी वह ज्यादा निरंतरता दिखाने वाले खिलाड़ी साबित हुए। एक घंटा 35 मिनट के बाद, सात बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन ने इस सीजन का अपना पहला फाइनल पक्का कर लिया और सिनर के साथ एक जानी-पहचानी भिड़ंत तय कर ली। रविवार का यह मुकाबला ज्वेरेव और सिनर के बीच लगातार पांचवीं मास्टर्स 1000 भिड़ंत है।



नागपुर। महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड एचएससी कक्षा 12 के परिणाम घोषित होने के बाद जश्न मनाते छात्र।

## अमेरिका नए प्रस्ताव मानता है, तो ईरान पाक में बातचीत को तैयार

**वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसका नया प्रस्ताव मानने को तैयार है तो वह अगले हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान में बातचीत करने के लिए तैयार है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर अमेरिका हमले रोकने और ईरानी तटों की नाकाबंदी हटाने की गारंटी देता है, तो तेहरान होर्मुज जलमार्ग खोलने के लिए अपनी शर्तों पर बात करने की पेशकश कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रस्ताव में अमेरिका के प्रतिबंध में ढील के बदले ईरानी परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मामलों पर बात करने का प्रस्ताव है।

# ईरान के बाद क्यूबा पर 'तत्काल कब्जे' की तैयारी

## ट्रम्प ने दिए संकेत, अमेरिका इस कैरेबियाई देश की और भेज सकता है अपने बेड़े

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर 'तत्काल कब्जा' करने की घोषणा करते हुए संकेत दिया कि 'ईरान के साथ मिशन पूरा होने' के बाद अमेरिका इस कैरेबियाई राष्ट्र की ओर अपने नौसैनिक बेड़े भेज सकता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां फ्लोरिडा में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कीं। इससे पहले उन्होंने क्यूबा सरकार और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों का विस्तार करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रम्प ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की हंसी के बीच कहा कि क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे। क्यूबा की अपनी समस्याएं हैं। पहले हम एक काम खत्म करेंगे--- मुझे पहले एक काम पूरा करना पसंद है। उन्होंने अपनी पुरानी बातों को दोहराते हुए कहा कि क्यूबा के खिलाफ कोई भी कार्रवाई ईरान के साथ जारी अमेरिका-इजरायल युद्ध के बाद की जा



■ हंसी के बीच कहा: क्यूबा नामक एक स्थान है, जिस पर हम लगभग तुरंत नियंत्रण कर लेंगे

सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि अमेरिका द्वीप राष्ट्र (क्यूबा) के पास अपना एक विमानवाहक पोत तैनात कर सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान से वापसी के रास्ते में, हमारे पास अपने बड़े विमानवाहक पोतों में से एक होगा। शायद 'यूएसएस अब्राहम लिंकन', जो दुनिया में सबसे बड़ा है। हम उसे वहां भेजेंगे, जो तट से महज 100 गज की दूरी पर रुकेगा। वे (क्यूबावासी) कहेंगे,' आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हम आत्मसमर्पण करते हैं। मुझे काम पूरा करना पसंद है। इस बीच, व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक विस्त ऋत विवरण (फैक्ट शीट) में कहा गया है कि नए प्रतिबंधों का उद्देश्य कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन, शत्रुतापूर्ण ताकतों को समर्थन, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के लिए क्यूबा सरकार और उसके समर्थकों को जवाबदेह ठहराना है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि क्यूबा सरकार की नीतियां और कार्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक असामान्य और असाधारण खतरा बने हुए हैं। ये नीतियां स्वतंत्र और लोकतांत्रिक समाजों के नैतिक और राजनीतिक मूल्यों के भी विरुद्ध हैं। ये प्रतिबंध क्यूबा के सुरक्षा तंत्र से जुड़े व्यक्तियों, संस्थाओं और भ्रष्टाचार या गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन में शामिल लोगों को लक्षित करते हैं। दूसरी ओर, क्यूबा सरकार ने इन प्रतिबंधों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें 'एकतरफा दमनकारी उपाय' बताया है, जिसका उद्देश्य क्यूबा के लोगों को सामूहिक सजा देना है। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज ने कहा कि ये उपाय संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं और अमेरिका को क्यूबा या किसी तीसरे देश पर प्रतिबंध लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह मेक्सिको, स्पेन और ब्राजील ने भी क्यूबा की 'गंभीर स्थिति' और वहां गहराते मानवीय संकट पर चिंता व्यक्त की थी। वहीं, अमेरिकी सीनेट ने उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को कांग्रेस की पूर्व स्वीकृति के बिना क्यूबा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने से रोकने का प्रावधान था।

# ईरान-अमेरिका के बीच फिर छिड़ सकता है युद्ध

## तेहरान ने अमेरिका पर समझौतों के उल्लंघन का लगाया आरोप, सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई

**तेहरान।** ईरान के सैन्य मुख्यालय ने चेतावनी जारी की है कि ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध फिर से शुरू होने की 'प्रबल आशंका' है। मुख्यालय ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका किसी भी समझौते या संधि के प्रति प्रतिबद्ध नहीं है।

ईरानी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 'खातम अल-अंबिया' केन्द्रीय मुख्यालय के उप प्रमुख मोहम्मद जाफर असदी ने 'फारस न्यूज एजेंसी' द्वारा जारी एक बयान में कहा कि हालिया अमेरिकी कार्रवाइयां और बयान राजनयिक समझ की कमी और समझौतों के प्रति उनकी अनिच्छा को दर्शाते हैं। असदी ने कहा कि ईरान की सेना किसी भी संभावित तनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रणनीतिक आकलन बताते हैं कि अमेरिका के कदमों के कारण आने वाले समय में तनाव और बढ़ सकता है। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने इस्लामाबाद में हुई पहले दौर की वार्ता और उसके बाद युद्धविराम चर्चाओं के दौरान पर्याप्त लचीलापन दिखाया था, लेकिन अमेरिका ने इसके बदले सकारात्मक रुख नहीं अपनाया। ईरान का



■ ईरानी सैन्य अधिकारियों ने कहा: यदि युद्ध दोबारा शुरू होता है, तो उसका कड़ा जवाब देने के लिए सैन्य तैयारियां तेज कर दी गई हैं

आरोप है कि जब भी उसने अपना रुख नरम किया, अमेरिका ने दबाव और आक्रामक मांगें बढ़ा दीं। अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया जिसमें नाकेबंदी हटाने के प्रावधानों सहित कुछ अन्य रियायतें शामिल थीं। ईरानी पक्ष का कहना है कि परमाणु मामले जैसे अन्य बड़े मुद्दों पर चर्चा करने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति और प्रतिबंधों में राहत जैसे विषयों पर बात होनी चाहिए। अधिकारियों ने अमेरिकी रुख की आलोचना करते हुए कहा कि वाशिंगटन वार्ता नहीं, बल्कि 'आत्मसमर्पण' चाहता है, जो ईरान को कतई स्वीकार्य नहीं है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपना कड़ा रुख बरकरार रखा है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम के दौरान ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को 'अस्वीकार्य' बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया, इजरायल और यूरोप की सुरक्षा के लिए ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ट्रंप ने कहा कि हमने अभी ईरान के साथ बातचीत की है, देखते हैं क्या होता है। लेकिन मैं खुश नहीं हूं। वे ऐसी चीजें मांग रहे हैं जिनसे मैं सहमत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारे पास विकल्प मौजूद हैं। या तो आप उन पर हमला करके उन्हें हमेशा के लिए खत्म कर दें, या समझौता करने की कोशिश करें। मानवीय आधार पर मैं सैन्य हमले के बजाय समझौते को प्राथमिकता दूंगा, लेकिन सैन्य विकल्प अभी भी मेज पर है। ट्रंप ने ईरान के भीतर नेतृत्व के स्तर पर मतभेदों को प्रगति में बाधा बताया और कहा कि ईरानी सैन्य नेतृत्व पूरी तरह भ्रमित और बिखरा हुआ है। उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि अभी हमारी बातचीत चल रही है। लेकिन बात बन नहीं पा रही है, यह बहुत ही बिखरी हुई है। बेहद बिखरी हुई। वे नेता के तौर पर एक-दूसरे के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं है कि नेता कौन है। इस बीच, संवर्धित यूरेनियम को लेकर भी विवाद बना हुआ है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना यूरेनियम उसे सौंप दे, जबकि रूस और चीन ने इसे अपने पास रखने की पेशकश की है।

## अमेरिका ने ईरान के तेल व्यापार से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क पर लगाए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम निर्यात नेटवर्क के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिका ने उन कंपनियों, व्यक्तियों और जहाजों को लक्षित करते हुए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिन पर देश के अवैध तेल व्यापार को सुगम बनाने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इस व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग क्षेत्रीय गतिविधियों को अस्थिर करने और आतंकवाद के लिए किया जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन ताजा उपायों का मुख्य उद्देश्य प्रतिबंधित ईरानी कच्चे तेल की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जटिल बचने की प्रणालियों को बाधित करना है। इसमें एक जहाज से दूसरे जहाज में तेल का स्थानांतरण और तथाकथित 'डार्क फ्लीट' ऑपरेशन शामिल हैं, जो कार्गो के स्रोत और गंतव्य को छिपाते हैं। अमेरिकी सरकार ने कहा कि ये उपाय ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इसके तहत ईरान की ऊर्जा निर्यात जीवनरेखा और उसे समर्थन देने वाले अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्कों को निशाना बनाया जा रहा है। विदेश विभाग ने कहा कि जब तक ईरान अपनी अस्थिर करने वाली गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए तेल राजस्व उत्पन्न करने का प्रयास करेगा, तब तक अमेरिका ईरान और उसके प्रतिबंधों से बचने वाले भागीदारों, दोनों को जवाबदेह ठहराना जारी रखेगा। अधिकारियों ने यह भी दोहराया कि प्रतिबंधों का उद्देश्य स्थायी सजा देना नहीं, बल्कि व्यवहार में बदलाव लाना है।

# अमेरिका ने इजरायल कतर को वायु रक्षा प्रणाली की ब्रिकी को दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने दो प्रमुख साझेदारों इजरायल और कतर को बड़े रक्षा पैकेज की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इजरायल को लगभग 99.24 करोड़ डॉलर मूल्य की 10,000 एडवांस्ड प्रिसिजन किल वेपन सिस्टम्स (एपीकेडब्ल्यूएस) और कतर को 4.01 अरब डॉलर के पैट्रियट एयर एंड मिसाइल डिफेंस पैकेज की अनुमति दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इजरायल को प्रस्तावित सौदे के तहत 10000 एपीकेडब्ल्यूएस और उससे संबंधित सैन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है। एपीकेडब्ल्यूएस एक लेजर-गाइडेड प्रिसिजन सिस्टम है, जिसे पारंपरिक रॉकेटों को अधिक सटीक हमला क्षमता देने के लिए विकसित किया गया है। इसे कम लागत वाले लेकिन उच्च-सटीकता वाले हथियार विकल्प के रूप में देखा जाता है, जो ड्रोन, हल्के सैन्य वाहनों और

■ यह सौदा लगभग 99.24 करोड़ डॉलर का है

सीमित दायरे के लक्ष्यों के खिलाफ प्रभावी माना जाता है। दूसरी ओर, कतर को प्रस्तावित रक्षा पैकेज में कुल 500 पैट्रियट मिसाइलें शामिल हैं, जिनमें 200 पीएसी-2 मार्गदर्शन संवर्धित मिसाइल-सामरिक और 300 पीएसी-3 मिसाइल खंड संवर्धन मिसाइलें शामिल हैं। पीएसी-2 और पीएसी-3 दोनों पैट्रियट प्रणाली के उन्नत संस्करण हैं, जिनका उपयोग बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और हवाई खतरों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। विशेष रूप से पीएसी-3 को आधुनिक मिसाइल इंटरसेप्शन क्षमता के लिए अधिक उन्नत माना जाता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह बिक्री कतर की वायु सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाएगी। यह रक्षा मंजूरी ऐसे समय आई है जब पश्चिम एशिया पहले से ही गंभीर सैन्य तनाव के दौर से गुजर रहा है।

# ईरान के साथ समझौता न हो तो बेहतर: ट्रम्प

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता न हो तो वही अमेरिका के लिए बेहतर होगा। ट्रम्प ने शुक्रवार शाम यहां एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए संकेत दिया कि यदि वार्ता अमेरिका की शर्तों के अनुरूप नहीं होती, तो समझौता न होना भी बेहतर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों। सच जानना चाहते हैं? क्योंकि हम इसे ऐसे ही जारी नहीं रहने दे सकते। यह बहुत लंबे समय से चल रहा है। इससे पूर्व, ट्रम्प ने फ्लोरिडा रवाना होने से पहले मीडिया से कहा था कि संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से वह संतुष्ट नहीं हैं। कार्यक्रम में उन्होंने दोहराया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोई

■ साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों: ट्रम्प

समझौता होगा या नहीं, लेकिन यदि बातचीत विफल रही तो अमेरिका कठोर सैन्य कदम उठा सकता है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखते हैं क्या होता है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि वार्ता असफल रही, तो वह ईरान को उड़ा देंगे। ईरानी कार्गो जहाज की हालिया जब्ती का उल्लेख करते हुए ट्रम्प ने अमेरिकी कार्रवाई का वर्णन असामान्य अंदाज में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने जहाज को रोका, फिर टगबोट्स की मदद से नियंत्रण में लिया और उस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि जहाज रुक गया।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन की वैश्विक कार्बन कर योजना का विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने सहयोगी समुद्री देशों के गठबंधन के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा प्रस्तावित नेट-जीरो फ्रेमवर्क का विरोध किया है। उसने तर्क दिया है कि यह एक वैश्विक कार्बन टैक्स के रूप में कार्य करेगा जो अमेरिकी उपभोक्ताओं, जहाजरानी उद्योगों और व्यापक आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। आईएमओ समुद्री पर्यावरण संरक्षण समिति के 84वें सत्र में अमेरिका फर्स्ट नीतिगत दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे अमेरिकी राजनयिकों ने विवादित एनजेडएफ संरचना को अपनाने के बजाय वैकल्पिक प्रस्तावों पर चर्चा करने पर बल दिया। अमेरिका ने एनजेडएफ को दृढ़ता से खारिज कर दिया, इसे एक त्रुटिपूर्ण प्रस्ताव बताया जो वैश्विक नौवहन एवं ऊर्जा क्षेत्रों पर अत्यधिक लागत थोपेगा।

# जर्मनी से नाराज ट्रम्प ने 5000 सैनिक वापस बुलाए

## जर्मन चांसलर ने कहा था: ईरान ने अमेरिका की बेइज्जती की, अमेरिका की प्लानिंग भी बेकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जर्मनी से करीब 5000 सैनिक हटाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह प्रक्रिया अगले 6 से 12 महीनों में पूरी होगी। यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया है। मर्ज ने पिछले महीने एक कार्यक्रम में कहा था कि अमेरिका के पास कोई अच्छी प्लानिंग नहीं है।

उसे पता ही नहीं है कि वह इस जंग से बाहर कैसे निकलेगा। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत को टालने में माहिर है और अमेरिका को बिना नतीजे के इस्लामाबाद तक आना-जाना पड़ा। इससे अमेरिका को ईरान के सामने अपमानित होना पड़ा। इससे ट्रम्प नाराज हो गए थे। उन्होंने मर्ज को लेकर कहा कि वे बहुत खराब काम कर रहे हैं। उनको लगता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना अच्छी बात है। उन्हें हकीकत की समझ नहीं है। मुताबिक दिसम्बर तक

■ यह कदम सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच बयानबाजी के बाद सामने आया



जर्मनी में 36,000 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक तैनात थे। यह संख्या जापान के बाद दूसरी सबसे बड़ी तैनाती है, जहां करीब 55,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। इसके अलावा इटली में करीब 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। जर्मनी में अमेरिकी सैन्य ठिकाने लंबे समय से यूरोप में अमेरिका की रणनीतिक मौजूदगी का अहम हिस्सा रहे हैं। हालांकि, अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच ईरान को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय देशों ने ईरान जंग में ट्रम्प का साथ देने के लिए कई बार इन्कार किया है। जिसके बाद ट्रम्प आरोप लगाते आए है कि यूरोपीय देश केवल कागजी शेर है क्योंकि समय पर वह कभी काम नहीं आते। इसी बीच ट्रम्प ने इटली और स्पेन से भी सैनिक हटाने का संकेत दिया है। उनका कहना है कि ये देश ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दे रहे हैं, जिससे नाटो के भीतर मतभेद बढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इससे पहले भी जर्मनी से सैनिक हटाने की बात कर चुके हैं। तब उन्होंने जर्मनी को दिवालिया कहा था क्योंकि वह नाटो के तय 2 प्रतिशत रक्षा खर्च लक्ष्य से पीछे था। तब उन्होंने 12,000 सैनिकों को हटाने की योजना बनाई थी, लेकिन अमेरिकी संसद के विरोध और लाजिस्टिक दिक्कतों के कारण यह लागू नहीं हो पाई। बाद में राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2021 में इस योजना को रोक दिया और फिर रद्द कर दिया। पिछले साल अमेरिका ने रोमानिया में भी अपने सैनिकों की संख्या कम करने का फैसला लिया था। दरअसल, ट्रम्प अमेरिकी सैनिकों को यूरोप से हटाकर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शिफ्ट करना चाहते हैं ताकि चीन के खतरों से निपटा जा सके। जर्मनी में 36000 इटली में 12,000 और ब्रिटेन में लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। जर्मनी में अमेरिकी सेना की मौजूदगी 1945 से शुरू हुई, जब नाजी जर्मनी की हार के बाद अमेरिका ने वहां कब्जा कर लिया था। दूसरे विश्व युद्ध के तुरंत बाद वहां करीब 16 लाख अमेरिकी सैनिक तैनात थे, हालांकि 1 साल के बाद वहां 3 लाख सैनिक रह गए।

# ईरान के खिलाफ युद्ध खत्म हो चुका है

## 60 दिन की समय सीमा पूरी होने पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने संसद को दी जानकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संसद को बताया है कि ईरान के खिलाफ चल रहा युद्ध खत्म हो गया है। ट्रम्प ने ईरान युद्ध की 60 दिन की कानूनी समयसीमा खत्म होने के बाद सांसदों को यह जानकारी दी।

पालिटिको के अनुसार, ट्रम्प ने सांसदों को लिखे एक पत्र में कहा कि 7 अप्रैल 2026 के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच कोई गोलीबारी नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि 28 फरवरी 2026 को शुरू हुई शत्रुता अब समाप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम ईरान युद्ध को जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत के विवाद को शांत करने की कोशिश माना जा रहा है। अमेरिका में 1973 में पारित श्वार पावर्स रिजोल्यूशन के तहत राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई की सूचना कांग्रेस को देने के बाद 60 दिनों के भीतर उसे समाप्त करना होता है, जब तक कि कांग्रेस आगे की कार्रवाई को मंजूरी न दे। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। ट्रम्प प्रशासन ने 2 मार्च को औपचारिक रूप से कांग्रेस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद 60 दिन की समयसीमा 1 मई को समाप्त हो गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने भले ही 1 मई को सांसदों को दी जानकारी में ईरान युद्ध समाप्त होने की बात कही है, लेकिन अभी भी इसे लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि वह ईरान के मौजूदा प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हैं, हालांकि कूटनीति और सैन्य कार्रवाई दोनों विकल्प खुले हैं। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखना होगा कि आगे क्या होता है। उन्होंने ईरान के नेतृत्व को बिखरा हुआ बताया और कहा कि इसी वजह से सहमति नहीं बन पा रही है। ट्रम्प ने कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे पूरी तरह उलझे हुए हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरानी नेतृत्व काफी असंगठित है और अंदरूनी मतभेदों से घिरा हुआ है। ट्रम्प के मुताबिक, आंतरिक मतभेदों के कारण तेहरान की बातचीत की स्थिति कमजोर हो रही है।

# एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार यात्रा पर समुद्री सहयोग बढ़ाने पर करेंगे बात

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी शनिवार से चार दिन की म्यांमार यात्रा पर हैं जहां वह रक्षा मंत्री सहित वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ने पर चर्चा करेंगे। नौसेना ने बताया है कि एडमिरल त्रिपाठी आज से 5 मई तक म्यांमार की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

इस दौरान वह म्यांमार सशस्त्र बलों के कमांडर- इन- चीफ जनरल ए विन ऊ, म्यांमार के रक्षा मंत्री जनरल यू हटुन आंग और म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल हेटिन विन के साथ-साथ म्यांमार सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इन वार्ताओं से द्विपक्षीय समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन स्तर पर संबंधों को मजबूत करने और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर मिलेगा। उनकी यात्रा के कार्यक्रम में म्यांमार नौसेना की केंद्रीय नौसेना कमान, नौसेना प्रशिक्षण कमान और प्रथम बेड़े में कार्यक्रम और म्यांमार सशस्त्र बलों के शहीद नायकों के युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करना शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में रक्षा सहयोग से संबंधित कई विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें समुद्री सुरक्षा, क्षमता विकास, क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारतीय नौसेना रक्षा सहयोग बैठकों, स्टाफ वार्ताओं, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और भारत-म्यांमार नौसेना अभ्यास , भारत-म्यांमार समन्वित गश्त , बंदरगाह के दौरों और जल सर्वेक्षणों सहित परिचालन संबंधी गतिविधियों के माध्यम से म्यांमार नौसेना के साथ नियमित रूप से संपर्क में रहती है।

## पुलवामा में आतंकी सहयोगी गिरफ्तार हथियार व ग्रेनेड बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सहयोगी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलवामा पुलिस ने 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) शादिमर्ग और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183वीं बटालियन के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में एक आतंकवादी सहयोगी को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि यह अभियान सीबी नाथ रोड स्थित कासबयार में चलाया गया, जहां संयुक्त टीम ने काचीपोरा निवासी संदिग्ध मोहम्मद उमर मलिक को गिरफ्तार किया।

# पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में जुटी है सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी सिलेंडर की कमी को देखते हुए सरकार पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने में लगी है और अब तक लगभग 5.96 लाख पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन चालू किए गए हैं तथा अतिरिक्त 2.68 लाख कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, साथ ही लगभग 6.66 लाख नए ग्राहकों ने कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के बारे में एक वक्तव्य जारी कर बताया कि खाड़ी क्षेत्र में बदलती स्थिति के मद्देनजर, सरकार ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सहायता

■ प. एशिया संकट के मद्देनजर एलपीजी की कमी से निपटने की कवायद तेज

सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (परिवहन) को 100 प्रतिशत आपूर्ति की जाए। कमर्शियल एलपीजी के लिए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा औषधि, इस्पात, ऑटोमोबाइल, बीज, कृषि आदि क्षेत्रों को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# फिल्म एक दिन की कहानी से गहरा है मेरा कनेक्शन : आमिर



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान का मानना है कि फिल्म एक दिन उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। आमिर खान प्रोडक्शन्स की आने वाली फिल्म एक दिन को लेकर काफी चर्चा है। यह एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी है। फिल्म में जुनैद खान एक शर्मीले लड़के का किरदार निभा रहे हैं जिसे साई पल्लवी जैसी कॉन्फिडेंट लड़की से प्यार हो जाता है, लेकिन आमिर खान का मानना है कि यह फिल्म उनके अपने व्यक्तित्व का हिस्सा दिखाती है। जुनैद खान के किरदार से खुद को जोड़ते हुए आमिर खान ने कहा, यह कहानी एक ऐसे लड़के की है जो काफी संकोची है, यानी उसे खुद पर भरोसा नहीं है। उसे लगता है कि वो किसी लड़की से कैसे बात करे। जब मैं 16, 17, 18 साल का था, तो मैं भी ऐसा ही था। मैं बहुत शर्मीला था और मुझे लगता था कि लड़कियां मेरी तरफ ध्यान नहीं देतीं, इसलिए मुझे लगा कि मुझे जीवन में कोई नहीं मिलेगा। फिल्म का हीरो भी यही सोचता है कि कोई लड़की उसे पसंद नहीं करेगी। इसलिए जब मैंने यह कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह मेरी कहानी है। फिल्म एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान की मशहूर जोड़ी एक बार फिर साथ आई है। इससे पहले उन्होंने कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब इस फिल्म के साथ वे रोमांस जॉनर में वापस आ रहे हैं, जिसे लेकर फैंस बहुत उत्साहित हैं। आमिर खान प्रोडक्शन्स की इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान तथा अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है।

## आमिर खान, जुनैद खान, साई पल्लवी संग एक दिन टीम ने शेयर किया खुशी का पल

**मुंबई।** फिल्म एक दिन के मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसके ट्रेलर और गानों ने पहले ही अच्छा माहौल बना दिया था, और अब फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरते हुए दर्शकों का दिल जीत रही है। इसी बीच मेकर्स ने टीम के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसमें सभी खुशी के पल बिताते नजर आ रहे हैं। जैसे ही एक दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई, मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें सभी साथ बैठकर खुशियों भरा पल एंजॉय करते दिखे। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, ऐसे पलों से एक ऐसी कहानी तक जिससे आप प्यार करेंगे। एक दिन अब सिनेमाघरों में है। एक दिन के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान लंबे समय बाद फिर साथ आए हैं, जिससे हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा क्रिएटिव जोड़ियों में से एक की वापसी हुई है। दोनों ने साथ मिलकर दर्शकों को कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दी हैं। अब एक दिन के साथ यह जोड़ी फिर से रोमांस जॉनर में लौटी है, जिससे फैंस के बीच नई एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है। दोनों का दोबारा साथ आना दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा रहा है।



# शादी नहीं करना चाहते अरहान : मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान को लेकर एक बात शेयर की। उन्होंने बताया कि अरहान ने कहा कि वह शादी नहीं करना चाहते और बच्चे भी प्लान नहीं कर रहे हैं। मलाइका के मुताबिक, बेटे ने मजाक में कहा कि ग्रैंडकिड्स की उम्मीद छोड़ दो। हाल ही में टाइम्स एंटरटेनमेंट को दिए इंटरव्यू में मलाइका रिश्तों और शादी पर बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी रिश्तों को अलग नजरिए से देखती है। उनका बेटा कई बार ऐसी बातें बोलता है, जो उन्हें सोचने पर मजबूर करती हैं। मलाइका ने बताया कि अरहान ने उनसे कहा कि मैं शादी नहीं करूंगा, इसलिए ग्रैंडकिड्स के बारे में भूल जाइए। वजह पूछने पर अरहान ने बढ़ते प्रदूषण और खराब माहौल का जिक्र किया। उसने कहा कि एक्यूआई 500-1000 तक पहुंच रहा है, ऐसे माहौल में बच्चों को दुनिया में लाना सही नहीं लगता। मलाइ. का ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर फेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्फ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं, क्योंकि अगर इंसान खुद को स्वीकार नहीं करेगा, तो जिंदगी खुलकर नहीं जी पाएगा। मलाइका अरोड़ा की शादी 1998 में अरबाज खान से हुई थी। दोनों का 2017 में तलाक हो गया था।



**मलाइका ने माना कि बेटे की सोच उनसे अलग है। उन्होंने उसे समझाया कि जिंदगी के हर पफेज का अलग अनुभव होता है और परिवार बनाना भी उसका हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रिश्ते बदलते रहते हैं और जिंदगी में कुछ भी स्थायी नहीं होता। इंसान को परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढालना पड़ता है। इंटरव्यू में मलाइका ने सेल्पफ-लव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वह हर दिन खुद से प्यार करने को कहती हैं।**

अरहान उन्हीं के बेटे हैं। तलाक के बाद भी दोनों बेटे की को-पैरेंटिंग कर रहे हैं। मलाइका लंबे समय तक अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहीं।

## आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जीवंत किया : मुदस्सर अजीज

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मुदस्सर अजीज ने कहा है कि पिछले एक दशक में आयुष्मान खुराना ने आम आदमी के किरदारों को जिस तरह जीवंत किया है, वह उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। निर्देशक मुदस्सर अजीज एक बार फिर एक भरपूर मनोरंजन करने वाली फिल्म पति पत्नी और वो दो के साथ लौट रहे हैं। अपनी लेखनी और निर्देशन से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले मुदस्सर इस बार आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह जैसे कलाकारों से सजी एक बहु-कलाकार फिल्म लेकर आ रहे हैं।

# मराठी सिनेमा की सबसे बड़ी ओपनिंग बनी राजा शिवाजी

**मुंबई।** जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी ने शानदार शुरुआत करते हुए इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 12.40 करोड़ (नेट) की कमाई के साथ मराठी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिग दर्ज की है।

साथ ही यह 2026 की सभी फिल्मों में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग भी बन गई है। एक मई 2026 को मराठी और हिंदी में जियो स्टूडियोज द्वारा भव्य रूप से रिलीज की गई यह फिल्म महान योद्धा राजा शिवाजी को समर्पित है। महाराष्ट्र सहित कई जगहों पर दर्शकों की भारी भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ी। इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है। हिंदी और मराठी मीडिया के समीक्षकों से फिल्म को सर्वसम्मति से शानदार प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सकारात्मक वर्ड ऑफ माउथ के चलते फिल्म आगे भी मजबूत प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।



## अजय देवगन ने भी की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने रितेश देशमुख को फिल्म राजा शिवाजी के लिए उनकी कड़ी मेहनत को सलाम किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी अब सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और आते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। फिल्म के साथ एक खास वीडियो की झलक भी सामने आई है, जिसमें अजय देवगन और रितेश देशमुख की दिलचस्प बातचीत देखने को मिलती है। इस बातचीत में अजय देवगन बताते हैं कि आजकल लोग सुपरहीरो फिल्मों जैसे एवेंजर्स, सुपरमैन और स्पाइडरमैन को बहुत पसंद करते हैं। लेकिन वो यह भी याद दिलाते हैं कि हमारे अपने इतिहास में ऐसे असली हीरो रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए सच में बड़ी कुर्बानियां दी हैं।वहीं रितेश देशमुख, जो इस फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।

# पापा के करीब रहने के लिए बॉलीवुड में आना चाहती थीं त्रिशाला दत्त



**मुंबई।** संजय दत्त की बेटी त्रिशाला दत्त एक समय बालीवुड में आना चाहती थीं। इसकी वजह एक्टिंग का सपना नहीं, बल्कि पिता के करीब रहना था। त्रिशाला ने इनसाइड थाट्स आउट लाउड पाडकास्ट में कहा कि बचपन में उन्हें लगता था कि फिल्मों में आने से वह पिता के साथ ज्यादा समय बिता पाएंगी। त्रिशाला, संजय दत्त और उनकी पहली पत्नी ऋचा शर्मा की बेटी हैं। ऋचा का 1996 में ब्रेन ट्यूमर से निधन हुआ था। इसके बाद त्रिशाला अमेरिका में नाना-नानी के साथ पली-बढ़ीं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने बॉलीवुड में आने की इच्छा जताई, तब संजय दत्त ने पूछा था कि क्या एक्टिंग सच में उनका पैशन है। त्रिशाला के मुताबिक, उन्होंने पिता से कहा था कि वह सिर्फ उनके करीब रहना चाहती हैं। इस पर संजय दत्त ने समझाया कि सिर्फ स्टार किड होने से कोई ए-लिस्ट एक्ट्रेस नहीं बनता। उन्होंने बेटी को वही करने की सलाह दी, जिसमें उसकी असली रुचि हो। त्रिशाला ने कहा कि उनके पिता जिंदगी में मुश्किल दौर से गुजरे हैं। उन्होंने हमेशा उन्हें सही दिशा दिखाने की कोशिश की। बॉलीवुड में करियर बनाने के बजाय त्रिशाला ने मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र चुना। वह अब थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में मान. सिक स्वास्थ्य पर कम खुलकर बात होती है।

वह लोगों को बताना चाहती थीं कि संघर्ष सामान्य है। त्रिशाला ने दीपिका पादुकोण की भी तारीफ की, जिन्होंने डिप्रेशन पर खुलकर बात की थी। त्रिशाला ने बताया कि उन्होंने माता-पिता के साथ सामान्य पारिवा. रिक जिंदगी नहीं जी। वह बचपन से अमेरिका में रहीं और भारत कम आ पाती थीं। हालांकि, उन्होंने कहा कि जब भी वह संजय दत्त के साथ होती हैं, उन्हें सामान्य पिता-बेटी जैसा रिश्ता महसूस होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.)
8384872313
9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)